राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 367 | लखनऊ | रविवार, 01 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया



## शोपियां में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, जांच शुरू

शोपियां। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के बाटापोरा इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने कथित रूप से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सुरक्षा बलों और पुलिस प्रशासन में शोक का माहौल है। अधिकारियों के अनुसार, मृतक जवान की पहचान हिमाचल प्रदेश निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है, जो सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन में कांस्टेबल पद पर तैनात थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक जवान ने कैंप परिसर के भीतर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।

घटना के तुरंत बाद साथियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए नजदीकी चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नारी शक्ति से राष्ट्र निर्माण: दिल्ली में 7-8 मार्च को 'भारती' महिला विचारक सम्मेलन का आयोजन

नई दिल्ली। महिला सशक्तीकरण और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करने के लिए यहां के विज्ञान भवन में 7-8 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन 'भारती' का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राष्ट्र सेविका समिति, शरण्या और भारतीय विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित सिविल सेवा अधिकारी संस्थान में शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। इस सम्मेलन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी तथा समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में होगा। इसका आयोजन भारतीय विद्वत परिषद, राष्ट्र सेविका समिति और शरण्या ने संयुक्त रूप से किया है। यह कार्यक्रम ''भारती- नारी से नारायणी'' विषय पर आधारित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध महिलाओं को एक मंच पर लाना और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने में उनके योगदान पर चर्चा करना है। इस सम्मेलन में आठ प्रमुख विषयों पर गहन विमर्श किया जाएगा। इनमें विद्या आत्मनिर्भरता मुक्ति चेतना प्रकृति संस्कृति सिद्धि और कृति शामिल हैं। इसके अलावा मुख्य सत्र पैनल चर्चा विशेषज्ञ शिक्षण सत्र पोस्टर प्रदर्शनी और कलात्मक प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

# ईरान पर इजराइल और अमेरिका का हमला

## डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति नहीं बन सकता है

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव/ वाशिंगटन। ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हवाई हमले के दौरान शनिवार सुबह शक्तिशाली विस्फोट हुए। तेहरान के कई हिस्सों में घना धुआं फैल गया। ईरान के कई दूसरे शहरों में भी हमला हुआ है। इजराइल सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले की जिम्मेदारी ली। तेहरान पर हमले के बाद ईरान ने इजराइल पर हमला कर दिया। वहीं एक धमाका सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने पर हुआ है। वह सुरक्षित हैं।ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना, ईरानी अखबार शार्घ, अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन और द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के ठिकाने के पास जोरदार धमाका हुआ। इसके अलावा तेहरान में स्थित राष्ट्रपति के आवास और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के दफ्तर के पास धमाके के बाद धुआं उठता देखा गया। बताया गया है कि ईरान में तेहरान के अलावा पांच और शहरों पर हमले हुए हैं। इनमें कॉम, इशफान, करमनशाह और कराज और लोरेस्तान शामिल है। इसके अलावा ईरान के अर्धसैनिक बल ईरान रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी)



के खुफिया निदेशालय को भी निशाना बनाया गया है। हमले के फौरन बाद ईरानी अधिकारियों ने कहा कि तेहरान जवाबी हमले की तैयारी कर रहा है। जवाब बहुत बुरा होगा। बाद में सुबह करीब 10 बजे पूरे उत्तरी इजराइल में सायरन बजने लगे। बताया गया कि ईरान ने इजराइल को लक्ष्य कर मिसाइलें तैनात की हैं। मोसाद ने सुबह ईरानियों के लिए न्यूज अपडेट फॉलो करने के लिए फारसी भाषा का टेलीग्राम चैनल लॉन्च किया। बताया गया है कि खामेनेई तेहरान में नहीं हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हमला नहीं रुकेगा। ट्रंप ने ईरान के लोगों से खामेनेई शासन को बदलने का आह्वान किया है। उन्होंने तेहरान पर यह भी आरोप लगाया कि वह काफी दिनों से परमाणु कार्यक्रम को शुरू करने के लिए संसाधन जुटा रहा था। इस बीच ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि अमेरिका और इजराइल को कड़ा जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बीच यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में जल मार्गों और इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। ईरान पर हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर हमला ईरान से पैदा हुए अस्तित्व के खतरे को दूर करने के लिए किया गया। उन्होंने सहयोग के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार भी जताया। बताया गया है कि उत्तरी इजराइल में कई जगह ईरान ने बमबारी की है। इजराइल की सेना का कहना है कि ईरान से दागी गई मिसाइलें तेल अवीव की तरफ बढ़ रही थीं। इससे देश के कई इलाकों में सायरन बजने लगे। ईरान के हमले में किसी नुकसान या किसी के हताहत होने के बारे में तुरंत कोई सूचना नहीं है। संघर्ष के बीच भारत से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौट आई है। एअर इंडिया ने इजराइल का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण अपनी दिल्ली-तेल अवीव उड़ान को मुंबई की ओर मोड़ दिया। भारत ने तनाव के बीच अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। भारतीय दूतावास ने कहा कि इजराइल में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे बहुत सावधानी बरतें और हर समय चौकन्ने रहें।

उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान कभी परमाणु शक्ति नहीं बन सकता है। हम ईरान की नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं। हम ईरान की मिसाइलों को तबाह कर देंगे। तेहरान ने कहा कि लड़ाई अब बंद नहीं होगी। ईरान पर लड़ाकू विमानों और मिसाइलों से जारी हमले के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमला करने के इरादे के बीच ओमान के विदेशमंत्री बद्र अलबुसैदी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका और ईरान समझौते के करीब हैं। वार्ताकारों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के समझौता की दिशा में काफी प्रगति की है। अलबुसैदी पिछले महीने अमेरिका और ईरान के बीच हुई तीन दौर की बातचीत में मध्यस्थ के रूप में मौजूद रहे हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि उसके पास कभी भी ऐसी परमाणु सामग्री नहीं होगी जिससे बम बन सके। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी सहमति है। अल्बुसैदी के अनुसार, ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम के मौजूदा भंडार को कम करेगा। यही नहीं वह यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी को समझौते की शर्तों के सत्यापन के लिए अपनी न्यूक्लियर साइट्स का निरीक्षण कराने के लिए भी तैयार है। इस सत्यापन में अमेरिका के निरीक्षक भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने का कि समझौते के अन्य तकनीकी पहलुओं पर बातचीत सोमवार को वियना में होनी है। अल्बुसैदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह कुछ दिनों बाद स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से मिल पाएंगे। अल्बुसैदी के दावे के उलट ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि वह बातचीत से खुश नहीं हैं। हालांकि ट्रंप ने इस दौरान साफ किया कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि हमले की इजाजत देनी है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका के वार्ताकार पिछले महीने तीन दौर की बातचीत कर चुके हैं। वार्ता का पहला दौर ओमान, दूसरा और तीसरा दौर स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हो चुका है। इन वार्ताओं के विफल रहने पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो कड़ा रुख अपनाने की बात कह चुके हैं। अल्बुसैदी ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने दोहराया कि दोनों देश समझौते के बहुत करीब हैं। समझौते की शर्तों को लागू करने में तीन महीने लग सकते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया झड़पों के बाद हालात बिलकुल बदल गए हैं।

## चौदह साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन प्रोग्राम की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अजमेर से 14 साल की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और कई अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अभियान की शुरुआत होते ही सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में भी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। यह अभियान भारत में सर्वाइकल कैंसर से लड़ने और नारीशक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हमारी बेटियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल निवारक स्वास्थ्य देखभाल और ऐसे भविष्य के प्रति प्रधानमंत्री की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां कोई भी परिवार टीके से रोके जा सकने वाले रोग के कारण अपने किसी प्रियजन को न खोए। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान के तहत, सभी पात्र 14 वर्षीय लड़कियों को अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से एचपीवी का एक खुराक वाला टीका निःशुल्क उपलब्ध होगा। सर्वाइकल कैंसर ने अनगिनत परिवारों को चुपचाप प्रभावित किया है, लेकिन आज हम एक सशक्त संदेश दे रहे हैं कि सुरक्षा, जागरूकता और टीकाकरण की सुविधा देश के हर कोने तक पहुंचेगी। जब हम अपनी बेटियों की रक्षा करते हैं, तो हम अपने राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। कहां होगा टीकाकरणएचपीवी टीकाकरण देश के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध होगा जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, सरकारी मेडिकल कॉलेज शामिल है। कौन होगा पात्र यह अभियान मुख्य रूप से 14 साल की लड़कियों के लिए है। स्कूल और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग पात्र बच्चियों की सूची तैयार करेंगे। जो बच्चियां स्कूल में नहीं हैं, वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। टीकाकरण के लिए अभिभावक की सहमति आवश्यक होगी।

## सीएम के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में कटे 47 हजार नाम, भाजपा ने दोबारा चुनाव लड़ने की चुनौती

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने राज्य के राजनीतिक गलियारों में भारी हलचल पैदा कर दी है। शनिवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, दक्षिण कोलकाता के इस हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र से कुल 47 हजार 94 मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। इसके अलावा, 14154 मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनका भविष्य दस्तावेज सत्यापन के बाद तय होगा। यदि इन विचाराधीन नामों को भी हटा दिया जाता है, तो भवानीपुर के कुल मतदाता आधार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। यह घटनाक्रम राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी ने करीब 58 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। अब हटाए गए 47 हजार से अधिक नामों की संख्या जीत के उस अंतर के काफी करीब पहुंच गई है, जिससे आगामी चुनाव के समीकरणों में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

## राजस्थान विकास के नये पथ पर अग्रसर : मोदी

एजेंसी

साणंद । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग (एटीएमपी) फैसिलिटी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दुनिया तक यह संदेश स्पष्ट रूप से पहुंच चुका है कि ल्इंडिया इज केपेबल, इंडिया इज कॉम्पिटिटिव, इंडिया इज कमिटेड।ङ्क उन्होंने कहा कि यदि पिछली शताब्दी का रेगुलेटर तेल था, तो इस शताब्दी का रेगुलेटर माइक्रोचिप होने वाली है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में साणंद के परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से इस क्षेत्र को एक कार फैक्टरी से देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में बदलते देखा है। एक बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी के आने से यहां संपूर्ण औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हुआ, सहायक इकाइयां स्थापित हुईं, सप्लायर नेटवर्क बना, स्थानीय उद्योग



मजबूत हुआ और रोजगार एवं निवेश दोनों में वृद्धि हुई। आज देश-विदेश से लोग यहां काम करने आ रहे हैं और एक छोटा शहर वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बना चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार ऑटोमोबाइल सेक्टर में साणंद ने सफलता की नई कहानी लिखी, उसी प्रकार सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी यह नया अध्याय रचेगा। इस संयंत्र में अभी सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है और भविष्य में इसके विस्तार के साथ रोजगार के और अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह माइक्रोन सुविधा भारत के नए मिजाज का उदाहरण है। नीति से लेकर उत्पादन तक, आज का भारत जिस दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है, वह यहां स्पष्ट दिखाई देता है। जून 2023 में इस परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे और फरवरी 2026 में यह संयंत्र वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर चुका है। जो लोग इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हैं, वे इस गति के महत्व को भलीभांति जानते हैं।

उन्होंने कहा कि जब नीयत साफ हो और लक्ष्य देश का तीव्र विकास हो, तो नीतियां भी स्पष्ट बनती हैं और निर्णयों में तेजी आती है। प्रधानमंत्री ने माइक्रोन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग और रणनीतिक साझेदारी का भी प्रमाण है। विशेष रूप से एआई और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही हमारा परिवार है : योगी

## 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को दिया सब्सिडी का उपहार

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में होली पर्व पर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को बड़ा उपहार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से गैस सिलिंडर रीफिल सब्सिडी की 1,500 करोड़ की धनराशि वितरित की । लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10 महिला लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप चेक प्रदान किए और कहा कि उनकी सरकार महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी डिजिटल माध्यम से जुड़े। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन प्रदेशवासियों को होली की बधाई देकर शुरु किया और कहा कि होली पर्व



समता का पर्व है । इस पर्व में न कोई बड़ा न कोई छोटा होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने यह योजना 2022 में शुरू की थी। इसी कड़ी में आज 1500 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। लाभार्थी होली के पहले या होली के बाद अपने नजदीकी एजेंसी से भरा हुआ सिलिंडर फ्री में ले सकते हैं। योजना का लाभ सबको देने का एक ही मंत्र है 'सबका साथ सबका विकास'। उज्जवला परिवार को 09 सिलिंडर पर पहले से मोदी सरकार सब्सिडी दे रही है और अब होली पर हम फ्री भरा हुआ सिलेंडर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का कैशलेस इलाज मिलता है। शिक्षक और शिक्षणेतर कर्मियों को भी इससे जोड़ा गया है। समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले माफिया शासन चलाते थे। पर्व के पहले उपद्रव हो जाते थे और फिर कर्फ्यू लग जाता था लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है और देश - दुनिया का हर बड़ा निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर काम कर रही है। ब्रजेश पाठक ने सर्वाइकल कैंसर से लड़ रही बेटियों के लिए व्यवस्था की। 2100 रुपये का इंजेक्शन अब 300 रुपये में मिलेगा। पहले के लोगों के लिए उनका परिवार की प्रदेश था और परिवार पूरे प्रदेश को नोचने के लिए जुटा रहता था हमारे लिए पूरा प्रदेश परिवार है। हाल ही में प्रस्तुत किए गए उत्तर प्रदेश के बजट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी का कार्यक्रम हो या सीमार्ट। महिलाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## कांग्रेस ने भारतीयों की सुरक्षा और निकासी के लिए सरकार से की अपील

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने मध्य पूर्व में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव पर चिंता जताई है। दोनों नेताओं ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए सरकार से तुरंत कदम उठाने की अपील की है। खरगे ने एक्स पर कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद मध्य पूर्व की स्थिति बिगड़ रही है और शांति एवं स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। कांग्रेस भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है और सरकार से उनके संरक्षण के लिए हर संभव कदम उठाने की मांग करती है। वेणुगोपाल ने कहा कि इज़रायल-अमेरिका की संयुक्त सैन्य कार्रवाई और बढ़ते तनाव ने भारतीय नागरिकों में आशंका पैदा कर दी है। उन्होंने केरल के नागरिकों का जिक्र करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय इस क्षेत्र में रहते और काम करते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय को तुरंत कूटनीतिक और लॉजिस्टिक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने जोखिम में रह रहे भारतीयों की सुरक्षित निकासी और जो लोग लौटना चाहते हैं उनके लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की।

## दिल्ली के मंच पर दिखेगा रूस और भारत की दोस्ती का महा-संगम

एजेंसी

नई दिल्ली। रूस का 'कोस्त्रोमा रशियन नेशनल बैले' अपना अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट ''ग्लोबल डांस ओवरचर'' को दिल्ली में 2-3 मार्च को आयोजित करेगा। यह आयोजन सिर्फ एक डांस शो नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच कला और प्रेम के जरिए दिलों को जोड़ने की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल है। भारत में रूसी दूतावास के अनुसार यह दो दिवसीय कार्यक्रम दिल्ली के दो प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इनमें संगीत नाटक अकादमी (रवींद्र भवन) में 2 मार्च शाम 4-7 बजे तक रूसी और भारतीय कलाकार कार्यशाला आयोजित करेंगे। इसमें एक-दूसरे को अपनी नृत्य कला सिखाई जाएगी। वहीं 3 मार्च शाम 07:00 बजे कमानी सभागार में रूस का 'वैश्विक नेशनल डांस शो' शुरू होगा। साझे सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों पर आधारित इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को एक करना, सांस्कृतिक लेन-देन को बढ़ावा देना और सांस्कृतिक रिश्तों को बढ़ावा देना है। यह प्रोजेक्ट खास तौर पर ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। शो में रूस के अलग-अलग इलाकों जैसे बर्फीले साइबेरिया और सुंदर



काकेशस की लोक परंपराओं को शानदार रंगों और संगीत के साथ दिखाया जाएगा। शो का सबसे बड़ा आकर्षण ''जयति जया मामा भारतम'' होगा। इसमें भारतीय कलाकार रूस के बैले डांसरों के साथ मिलकर मंच साझा करेंगे। यह पहली बार होगा जब रूसी और भारतीय लोक नृत्यों का ऐसा अद्भुत तालमेल दर्शकों को देखने को मिलेगा। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा 'एजुकेशनल एक्सचेंज' है। रूस का मशहूर 'गवर्नरेट बैले स्कूल' और भारत की 'संगीत नाटक अकादमी' मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरान भारतीय कलाकारों को रूसी डांस की बारीकियां सिखाई जाएंगी। वहीं रूसी कलाकारों को भारतीय कोरियोग्राफर सुभाष नकाशे भारतीय नृत्य के तत्वों से रूबरू कराएंगे। भविष्य में, चुनिंदा भारतीय कलाकारों को रूस के प्राचीन शहर कोस्त्रोमा में जाकर प्रशिक्षण लेने का मौका भी मिलेगा। यह प्रोजेक्ट अब तक दुनिया के कई देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात मिस्र और चीन में आयोजित हो चुका है।

# भारत नेपाल मैत्री महोत्सव का आज दूसरे दिन हुआ समापन

## दोनों देशों के कलाकारों ने प्रस्तुत किए कई रंगारंग कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज दूसरे दिन गांधी प्रेक्षागृह परिसर में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का समापन हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर की मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों की संस्कृति से परिचित कराया गया। इसके साथ ही दोनों देश की संस्कृति व सभ्यता से कार्यक्रम के माध्यम से परिचित कराया गया।

महोत्सव के नोडल अतुल द्विवेदी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। भारत-नेपाल की मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने का प्रयास किया



जा रहा है। कार्यक्रमों में लोक गायन सचिन अवस्थी लखीमपुर, लोक गायन वीना पाण्डेय लखनऊ, अवधी लोक नृत्य आरती मिश्रा तमाशा ग्रुप लखीमपुर, कठपुतली अजय मिश्रा लखीमपुर, लोक गायन रामापाल निषाद लखीमपुर, सात्विक बैंड शभाशीष उपाध्याय लखनऊ, थारू एवं मयूर नृत्य नेपाल आईसीसीआर प्रायोजित दल, चकरी नृत्य शिवनारायण चकरी राजस्थान आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू हरियाणा द्वारा प्रस्तुत बमलहरी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राजस्थान के कलाकारों द्वारा घूमर एवं चकरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। सभी कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां से दर्शकों का मनमोह लिया और भारत-नेपाल की सांस्कृतिक एकता का सजीव प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में महोत्सव के नोडल अतुल द्विवेदी द्वारा उपस्थित अतिथियों, समस्त कलाकारों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सड़कों के किनारे लगे वाहन सफाई व्यवस्था में बाधक



मुख्य मार्गों पर खड़े चौपहियां वाहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत** । शहर के मुख्य मार्गों पर ही लोग बेतरतीब बाहन खड़ा कर अतिक्रमण नही कर रहे हैं।शहर में मुख्य कॉलोनीया भी इससे अछूती नही हैं।इस समय त्यौहारी सीजन होने से यह समस्या और विकराल हो जाती है।समस्या तो तब हो जाती है जब सफाई कर्मी सफाई करने आते हैं।नालियों की सफाई भी कायदे से नही हो पाती है। सफाईकर्मियों को भी सफाई करने में दिक्कतें होती हैं। लोग बार्ड के सभासद और नगर पालिका के जिम्मेबारों पर ऊँगली तो उठाते हैं जबकि इसके लिए बह दोषी स्वयं होते हैं।कालोनीओं में रहने वाले लोगों ने अपने घरों में किरायेदार तो रख लिए हैं लेकिन उनके वाहनों को खड़ा करने की कोई व्यवस्था नही।घरों में गैरेज एक ही बनाया है। लोग अपने वाहनों को सड़कों पर या लोगों के घरों के सामने लगा देते हैं। यह हाल कालोनीयों के लगभग सभी मार्गों का हैं।जब कोई अपने सामने से इन मार्गों से हटाने को कहता हैं तो लोग लड़ने पर आमादा हो जाते हैं। कुछ लोग तो अपने घरों के सामने तो सफाई रखते हैं लेकिन पड़ोसी के घर के सामने गाड़ी खड़ी कर देते हैं।शहर की मुख्य और बड़ी कॉलोनी निरंजनकुंज में नेहरू पार्क, सिटी हॉस्पिटल वाली रोड और कॉलोनी की लगभग सभी सड़कों पर आसानी से देखा जा सकता है।

## जेसीआई पर्ल ने की अन्नदान सेवा

**जागरण मोर्चा ,पीलीभीत** । गौरी शंकर मंदिर एवं सत्यनारायण मंदिर में जेसआई पर्ल ने अन्नदान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया।
इस अवसर पर जेएफएम अदिति सक्सेना,जेसी क्रति अग्रवाल एवं जेएफएम प्रभ कौर उपस्थिति रही। आयोजित कार्यक्रम में 75 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस माह की अन्नदान सेवा जेसी क्रति अग्रवाल ने की गई।अन्नदान सेवा कार्य समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है।इस अवसर पर क्लब से जुडे पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में कार्यशील एवं अकार्यशील मॉडल चाट्र्स , प्रयोग प्रदर्शित का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर** । नगर के श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से वैज्ञानिक सीख, नवाचार एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए कार्यशील एवं अकार्यशील मॉडल, चाट्र्स तथा प्रयोग प्रदर्शित किए गए। ये प्रदर्शनी विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ तथा उनके दैनिक जीवन में व्यावहारिक उपयोग को दर्शा रही थीं। परियोजनाओं ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, समस्या-समाधान कौशल तथा खोज की भावना को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने अभिभावकों एवं अतिथियों को अपने मॉडलों का आत्मविश्वास के साथ विवरण दिया, जिससे उनकी स्पष्ट सोच और वैज्ञानिक तर्क क्षमता झलकती थी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्या संगीता भारद्वाज, ए.ओ. आनंद तथा डीन गुरप्रीत सत्संगी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के परिश्रम और समर्पण की सराहना की तथा विद्यार्थियों को पुस्तकों से आगे बढ़कर विज्ञान का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया। समग्र रूप से, विज्ञान प्रदर्शनी 2026 एक भव्य सफलता रही। इसने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया और सभी के लिए यह कार्यक्रम एक शैक्षिक, प्रेरणादायक एवं यादगार अनुभव सिद्ध हुआ। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर में की गई जनसुनवाई

## पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न, सौहार्द वातारण में मिलजुलकर मनाएं त्योहार



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ आगामी होली पर्व के दृष्टिगत शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की गई। यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी नई परंपरा प्रारंभ न की जाए तथा होलिका दहन पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए। डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं ध्वनि सीमा के अनुरूप ही संचालन करने के निर्देश दिए गए। जनपदीय पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, क्षेत्राधिकारी नगर, थानाध्यक्ष, लेखपाल, समाज के संभ्रांत लोग सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला बैरक व अन्य बैरकों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्राथमिक बिद्यालय टाह पौटा के बच्चों ने मनाई होली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में आज होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ० विभव सक्सेना ने बच्चों को होली से जुड़ी धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि होली परस्पर द्वेष एवं वैमनस्य को भुलाकर एकता के सूत्र में बंध जाने का माध्यम है। हम सभी को इसी भाव को मन में रखकर होली का त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को केवल हर्बल रंगों का ही प्रयोग किए जाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बच्चों के लिए रंगोली, कला,पोस्टर तथा निबंध, लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी योगिता देवी, दीक्षा, सुहानी, झलक वर्मा, पल्लवी, प्रांशी, साधना, सोनाक्षी, रितु, अतुल कुमार, ऋषभ, आर्यन कुमार मौर्य, हेमलता, अरविंद कुमार, जशोदा देवी, रोशनी, चंदा,




कौशल राज, कृष्णा, आयुषी वर्मा, निर्मला, गुंजन, वर्षा, कोमल वर्मा, रेनु कुमारी, सोनी, क्रांति, पल्लव मौर्य, धनुज कुमार, प्रिंस, विकास और राजीव समेत तमाम छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ० विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों आपस में तथा शिक्षकों के साथ जमकर होली खेली। इस अवसर पर ममता देवी और प्रगति धामी उपस्थित रहीं।

## ठगी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज विरोध करने पर जानलेवा हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए । पीड़ितों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो उन पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस की मौजूदगी में हुए कथित समझौते को भी पीड़ितों ने फर्जी करार दिया है।

ग्राम लक्ष्मीपुर कैचूटांडा के पप्पू लोधी और ग्राम ढेरम निवासी मोहम्मद शिराज ने पुलिस अधीक्षक को दिए गये शिकायती पत्र में कहा कि ग्राम मुरसेना बख्श के रहने बाले खुर्शीद खान और हाशिम खान ने उन्हें लोन दिलाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने लोन की फाइल पास कराने के नाम पर उनसे 2,27,000 रुपये की ठगी कर ली।पीड़ितों ने कहा कि काफी समय बीतने के बाद जब उन्होंने अपनी फाइल के बारे में जानकारी की और दिए गए पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इसकी शिकायत थाना अमरिया में की। दरोगा मुनीर अहमद ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझौता कराया ।

आरोपियों ने धान की कटाई के बाद पैसे लौटाने का वादा किया था, लेकिन अभी तक एक भी पैसा वापस नही किया । पीड़ितों ने कहा कि थाने में जो समझौता पत्र जमा किया गया है, वह पूरी तरह फर्जी है और उस पर उनके हस्ताक्षर भी नहीं हैं। आरोपी अब इस फर्जी समझौते का हवाला देकर पैसे देने से इनकार कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## बालाजी आईटीआई में प्रारम्भ हुआ अभ्यास वर्ग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बालाजी आईटीआई सैदपुर में ब्रज इकाई अभ्यास वर्ग प्रारंभ हुआ। अभ्यास वर्ग में प्रदेश के कई जिलों से लोग आए।
छेत्रीय महामंत्री अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रदेश महामंत्री विपिन त्यागी, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के प्रदेश राष्ट्रीय महामंत्री चरनजीत सिंह अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ,संरक्षक महेंद्र पाल गंगवार,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज मिश्रा भावेश शुक्ला, सदस्य देवेंद्र शर्मा,राजकुमार गंगवार, राजेश गंगवार, सोमपाल गंगवार उपस्थित रहे।

## काम करते समय तीन मजदूरों के हादसे में गंभीर रूप से घायल, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा में काम करते समय तीन मजदूरों के हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें बबलू पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम भरा पचपेड़ा की दुखद मृत्यु की सूचना पर उनके परिजनों से मिलने पहुंचे किसान नेता देव स्वरुप पटेल को उनके परिजन राहुल कुमार ने बताया की काम कराने वाले ठेकेदार की घोर लापरवाही रही है मृतक की पत्नी नेहा देवी ने अपनी पीड़ा बताते हुए अपने छोटे-छोटे तीन बच्चों के पालन पोषण की विकराल समस्या बताते हुए ठेकेदार से आर्थिक मदद की मांग की

किसानों नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि मृतक के परिवार की आर्थिक मदद के लिए उन्होंने जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी अमरिया से परिजनों के सामने ही दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद कराने का आग्रह किया इसके बाद किसान नेता देव



किसानों नेता देव स्वरूप पटेल मृतक मजदूर के परिजनों से वार्ता करते हुए

स्वरूप पटेल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे यहां पर भी मौजूद भरा पचपेड़ा के ग्राम वासियों ने मृतक मजदूर बबलू के परिजनों की मदद की समस्या रखी परिजनों से मिलने अपर जिलाधिकारी भी पहुंचे और उन्होंने वार्ता की ग्राम भरा पचपेड़ा में अमरिया तहसीलदार मौके पर गए और परिजनों से बात की

किसान नेता पटेल ने घायल मजदूर राज पुत्र राजू को देखने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना

ग्राम कनाकोर के ओमकार गंगवार की अग्निकांड में मृत्यु पर ग्राम प्रधान कपिल गंगवार के साथ नायब तहसीलदार से शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने को बात की। किसान नेता ने बताया कि भरा पचपेड़ा के मृतक मजदूर बबलू के परिजनों को कार्यदायी संस्था देगी 700000 रुपए की मदद करेगी।

## नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित चुनाव के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त फ्लैग मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नेपाल में 05 मार्च को प्रस्तावित चुनाव के दृष्टिगत संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ,क्षेत्राधिकारी डॉ प्रतीक दहिया , थाना हजारा पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ फ्लैग मार्च के दौरान सीमा क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।
संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस/एसएसबी को देने हेतु जागरूक किया गया। सीमा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाते हुए अवैध आवागमन एवं तस्करी की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त फ्लैग मार्च

## थाना हजारा क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ

**पूरनपुर।** थाना हजारा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेल्हा एवं टाटरगंज में नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति काउंसलिंग विशेषज्ञों एवं पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।
साथ ही चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर (कैम्प) का आयोजन किया गया। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में प्रति माह नियमित रूप से मेडिकल एवं नशा मुक्ति कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिससे नशे की समस्या से ग्रसित व्यक्तियों को समय पर उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा सके।

# पिस्टल की धौंस और जमीनों पर कब्जे फायरिंग करने वाला प्रापर्टी माफिया जिला बदर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पिस्टल की धौंस दिखाकर जमीनों पर कब्जे करना, सरेआम फायरिंग और जाम छलकाने वाले गुंडे प्रापर्टी माफिया सुमित सक्सेना को डीएम ने चार माह के लिये जिला बदर कर दिया है। डीएम बरेली अविनाश सिंह की कोर्ट ने इज्जतनगर पुलिस को 24 घंटे के अंदर आरोपी को जिले की सीमा से बाहर भेजने के आदेश दिये हैं।

इज्जतनगर पुलिस ने बरेली कोर्ट को भेजी अपनी आख्या में कहा कि आरोपी वीर सावरकर नगर का रहने वाला सुमित सक्सेना पुत्र छैलविहारी सक्सेना है। उस पर जमीनों की खरीद-बिक्री के नाम पर कागजों में हेरफेर, फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपत्तियां हथियाने और आर्थिक लाभ उठाने के गंभीर आरोप दर्ज हैं। सुमित सक्सेना और उसकी गैंग के लोग झूठी शिकायत कर संभ्रांत नागरिकों को ब्लैकमेल करते हैं, रंगदारी मांगते और धमकी देते हैं। प्रापर्टी हथियाने के लिये उन पर दबाव बनाता है। इलाके में खुलेआम फायरिंग कर दबंगई दिखाने के मामले भी सामने आये हैं। आरोपी की गतिविधियों से बरेली का बाजार और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कई पीड़ित खुलकर सामने आने से भी कतराते हैं।

### 24 घंटे का अल्टीमेटम, दस मुकदमों का आरोपी है सुमित सक्सेना

डीएम के आदेश के बाद इज्जतनगर पुलिस हरकत में आ गई है। डीएम ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी को 24 घंटे के भीतर बरेली की सीमाओं से बाहर किया जाए। निष्कासन अवधि के दौरान यदि वह जिला सीमा में पाया गया तो तत्काल गिरफ्तारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। आरोपी की गतिविधियां लोक शांति और कानून व्यवस्था के लिए खतरा साबित हो रही थीं। इसी आधार पर उ.प्र. गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। उसके खिलाफ इज्जतनगर, कोतवाली, बारादरी, प्रेमनगर समेत शहर के थानों में दस आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर उज्ज्वला लाभार्थियों को मिली सब्सिडी की सौगात

## होली के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में लखनऊ से किया गया सजीव प्रसारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर गृहणियों को मुफ्त गैस सिलेंडर की सौगात दी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। बरेली समेत प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यकम का शुभारंभ लोकभवन सभागार ,लखनऊ से बटन दबाकर किया गया। इसका सजीव प्रसारण बरेली जीआईसी ऑडिटोरियम में जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में किया गया। उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यकम का आयोजन किया गया।

### केंद्र सरकार 318 राज्य सरकार दे रही 552.50 रुपये की सब्सिडी

जिला पूर्ति अधिकारी बरेली मनीष सिंह ने बताया कि जनपद बरेली में कुल 04,16,736 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। होली त्यौहार के अवसर पर निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से जीआईसी ऑडिटोरियम में किया गया। 04,16,736 लाभार्थियों के खातों में कुल 36,29,77,056 रुपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए।

### बरेली में हैं 1759 उचित दर विक्रेता

इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिए गए निर्देशों के क्रम में बरेली जनपद में 1759 कुल उचित दर विक्रेताओं का दिसंबर माह का कुल लाभांश 1,41,40,063 रुपए उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गयी, इसके साथ ही जनवरी माह का लाभांश भी 1,41,21,919 रुपए भी उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी चैनपुर डा0 राघवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सहित लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# होली पर ऑपरेशन सुरक्षा, रेंज में 9568 होलिका दहन, 123 जुलूस, 11 हजार पुलिसकर्मी तैनात

## त्योहार शांति से कराने की तैयारी पूरी, ड्रोन से रखी जाएगी नजर, हर मोड़ पर तैनात रहेगी खाकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रंगों के त्योहार पर इस बार बरेली रेंज में खाकी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। होली को लेकर किसी भी तरह की गड़बड़ी की आशंका को पहले ही कुचलने के लिए पुलिस ने सुरक्षा का ऐसा घेरा बुना है, जिसमें शरारत की गुंजाइश नाम मात्र की रहे। 9568 होलिका दहन स्थल, 123 छोटे-बड़े जुलूस और 11 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों तैनाती की गई है।

डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में कुल 9568 स्थानों पर होलिका दहन होगा। बरेली में सबसे ज्यादा 3041, बदायूं में 2275, पीलीभीत में 1397 और शाहजहांपुर में 2855 स्थल चिन्हित किए गए हैं। हर स्थल पर पुलिस की ड्यूटी तय कर दी गई है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है ताकि छोटी सी चिंगारी भी बड़े विवाद में न बदल सके।

होली पर कुल 123 जुलूस निकलेंगे। बरेली में 80, बदायूं में 15, पीलीभीत में 10 और शाहजहांपुर में 18 जुलूस प्रस्तावित हैं। बरेली में रामबारात शोभायात्रा 2 व 3 मार्च को किला और प्रेमनगर क्षेत्र से निकलकर कोतवाली और बारादरी के मिश्रित आबादी वाले इलाकों से गुजरेगी। करीब 7 से 8 किलोमीटर लंबे इस रूट पर पुलिस की खास नजर रहेगी। शाहजहांपुर में बड़े और छोटे लाट साहब के जुलूस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती माने जाते हैं। बड़े जुलूस के 8 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 30 मस्जिद, मजार और कब्रिस्तान पड़ते हैं, जबकि छोटे जुलूस के 3.5 किलोमीटर रूट पर 8 मस्जिदें और 2 मजारें आती हैं। ऐसे में हर मोड़ पर चौकसी बढ़ा दी गई है। पूरे परिक्षेत्र को 8 सुपर जोन, 41 जोन, 145 सेक्टर और 350 सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा का पूरा ढांचा खड़ा कर दिया गया है। जवाबदेही तय की गई है–किस इलाके की जिम्मेदारी किस अधिकारी के पास होगी, यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है। किसी तरह की ढिलाई पर सीधी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। होली पर 11,444 पुलिसकर्मी मैदान में उतरेंगे। 10 एसपी, 30 सीओ, 92 थाना प्रभारी, 1800 से ज्यादा उपनिरीक्षक, करीब 7500 सिपाही और हेड कांस्टेबल, साथ ही 1700 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 14 कंपनियां पीएसी और आरएएफ की भी लगाई गई हैं। फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन के जरिए संदेश साफ है कि अराजकता की कोई जगह नहीं है।

जुलूस मार्गों पर ड्रोन से निगरानी होगी। छतों और रास्तों पर जमा ईंट-पत्थर पहले ही हटवाए जा रहे हैं। सभी प्रमुख रूटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मी बॉडीवार्न कैमरे के साथ तैनात रहेंगे। यूपी-112 को पिछले वर्षों में जहां से ज्यादा शिकायतें मिली थीं, उन इलाकों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है। पिछले 10 साल में होली पर दर्ज मुकदमों में नामजद आरोपियों और उपद्रवी तत्वों की सूची तैयार कर ली गई है। ऐसे लोगों पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

### रंग में भंग की कोशिश की तो बख्शे नहीं जाएंगे

डीआईजी अजय कुमार साहनी का साफ संदेश है कि होली भाईचारे और उल्लास का पर्व है। लेकिन अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। इस बार खाकी सिर्फ मौजूद नहीं है, बल्कि हर मोर्चे पर तैयार है, ताकि रंगों का यह त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

# कमरे में मिला सिपाही का शव, हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक सिपाही

**बरेली।** सीबीगंज की कैंफर स्टेट कॉलोनी शुक्रवार शाम अमरोहा में तैनात 37 वर्षीय सिपाही मनोज मौर्य अपने ही घर में संदिग्ध हालात में मृत मिले। फोन पर पहले हार्ट अटैक की सूचना दी गई, लेकिन जब परिजन पहुंचे तो गले पर कसाव का निशान और बाहर निकली जीभ ने कहानी को पूरी तरह पलट दिया। परिवार ने सीधे-सीधे हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पत्नी इसे खुदकुशी बता रही है।

मूल रूप से शेरगढ़ निवासी मनोज मौर्य का हाल ही में अमरोहा से मुरादाबाद तबादला हुआ था। शनिवार को उन्हें नई तैनाती पर जॉइन करना था। परिवार नए घर में शिफ्टिंग की तैयारी में जुटा था। कैंफर स्टेट कॉलोनी में हाल ही में घर बनाया गया था। जिंदगी नई शुरुआत की ओर बढ़ रही थी, लेकिन उससे पहले ही मौत ने दस्तक दे दी।

शुक्रवार शाम पत्नी ज्योति ने मनोज के भाई को फोन कर बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो दृश्य देख दंग रह गए। मनोज का शव पड़ा था, गले पर गहरा कसाव का निशान था और जीभ बाहर निकली हुई थी।

घटना के बाद पत्नी ज्योति ने कहा कि मनोज ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि आत्महत्या की वजह पर वह कुछ स्पष्ट नहीं कर सकीं। इसी बयान और मौके के हालात ने मामले को और उलझा दिया है। कॉलोनी में देर रात तक लोग चर्चा करते रहे आखिर सच्चाई क्या है। मृतक के भाई ने देर रात थाना सीबीगंज पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मामले को दबाने के लिए हार्ट अटैक की कहानी गढ़ी गई। उन्होंने निष्पक्ष जांच और सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। कमरे की बारीकी से जांच की गई, साक्ष्य जुटाए गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक विश्लेषण के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत का कारण क्या है।

# होली पर नहीं गुल होगी बिजली, सड़कों पर उतरेंगे अफसर, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रंगों के त्योहार से पहले शहर में बिजली व्यवस्था को लेकर बड़ा दावा किया गया है। विद्युत विभाग ने साफ कर दिया है कि होली पर कटौती नहीं होगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति दी जाएगी। इसके लिए दो उपकेंद्रों पर शनिवार को टेस्टिंग और मरम्मत का काम कराया जाएगा, ताकि त्योहार के दिन कोई तकनीकी खामी आड़े न आए।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि होली को देखते हुए उपकेंद्र और फीडर स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, उप खंड अधिकारी और जूनियर इंजीनियरों की तैनाती कर दी गई है। मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता खुद शहर का दौरा कर निगरानी करेंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त कर दी गई हैं।

गर्मी शुरू होने से पहले महीनेभर अभियान चलाकर 11 केवी लाइनों और वीसीबी की मरम्मत कराई गई है। लोकल फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए अधिकतर उपकेंद्रों को दोहरी लाइन से जोड़ दिया गया है। अगर एक लाइन में फाल्ट आएगा तो दूसरी लाइन से सप्लाई चालू कर दी जाएगी। शहर में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद हालात बेहतर हुए हैं, लेकिन पूरी तरह समस्या खत्म नहीं हुई है।

पवन विहार में नया उपकेंद्र चालू होने के बाद राहत मिली है। सुभाषनगर और करगैना में भी दो नए उपकेंद्र शुरू किए गए हैं, जिससे लोकल फाल्ट की घटनाएं कम हुई हैं। हालांकि दावा महीनेभर निर्बाध आपूर्ति का है, मगर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह मजबूत करने की कवायद अभी जारी है।

पिछले दिनों महाशिवरात्रि पर विभाग निर्बाध आपूर्ति देने में सफल रहा था। अब वही रणनीति होली पर भी लागू की जा रही है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने स्पष्ट कहा कि त्योहार पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देना विभाग का लक्ष्य है। पूरा सिस्टम अलर्ट पर रहेगा और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों की नजर अब इस बात पर है कि होली की रात रंगों के साथ रोशनी भी पूरी तरह कायम रहती है या नहीं।

# विज्ञान दिवस पर सजी नवाचारों की झलक, छात्रों के मॉडल ने मोहा मन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली/बहेड़ी।** विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सिंधोरा रिछा स्थित मिशन ग्लोबल अकैडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कंपोजिट डिग्री कॉलेज रिछा के प्रधानाचार्य डॉ. के.के. तिवारी एवं विद्यालय के संरक्षक आर.के. सक्सेना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। चंद्रयान की लॉन्चिंग, डिजास्टर मैनेजमेंट, ड्रिप इरीगेशन प्रणाली, स्मार्ट सिटी, वाटर साइकिल और विंड मिल के वर्किंग मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने मॉडलों की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा।

कार्यक्रम के दौरान छात्रा मीनाक्षी और अनुष्का ने विज्ञान प्रदर्शनी के उद्देश्य पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि काव्या ने विज्ञान के महत्व पर कविता प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनमें अपार क्षमता है और वे निरंतर प्रयास से उच्च शिखर प्राप्त कर सकते हैं। संरक्षक आर.के. सक्सेना ने विज्ञान के जिम्मेदार उपयोग और पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया।

अंत में प्रबंधक जितेन सक्सेना ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# करोड़ों की कर चोरी का खुलासा तीन प्रोपराइटरों पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर में जीएसटी फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हुआ है। राज्य कर विभाग की जांच में तीन ऐसी फर्में सामने आई हैं, जो कागजों में तो करोड़ों का कारोबार कर रही थीं, लेकिन जमीन पर उनका कोई अस्तित्व ही नहीं मिला। सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास-ऑन कर सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाया गया। मामले में थाना इज्जतनगर में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जांच के मुताबिक एमएस जागेश्वर ट्रेडर्स (प्रो. अमन) ने वर्ष 2023-24 में 19.12 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई दिखाई और 1.31 करोड़ रुपये की आईटीसी क्लेम कर ली। इसके बाद 17.89 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई दर्शाकर 68.58 लाख सीजीएसटी और 62.58 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी आगे पास-ऑन कर दी। जब विभाग ने मौके पर जांच की तो घोषित पते पर कोई कारोबार नहीं मिला। इस फर्म पर 3.06 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है। फर्म का पंजीयन पहले ही निरस्त किया जा चुका है।

दूसरे मामले में एमएस आकाश ट्रेडर्स (प्रो. सोनू श्रीवास्तव) ने 21.72 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई दिखाकर भारी आईटीसी क्लेम की। फिर 23.38 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई के नाम पर 90.29 लाख सीजीएसटी और 90.29 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी पास-ऑन कर दी। जांच टीम जब दिए गए पते पर पहुंची तो वहां कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। फर्म का पंजीयन 7 अक्टूबर 2023 से सुओ-मोटो निरस्त है। इस मामले में 4.63 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का मुकदमा दर्ज हुआ है।

तीसरे प्रकरण में एमएस गोयल इंटरप्राइजेज (प्रो. परमजीत सिंह) का नाम सामने आया। फर्म ने 1.30 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई पर 19.97 लाख आईजीएसटी की आईटीसी क्लेम की, जबकि 14.76 करोड़ की बोगस आईजीएसटी आईटीसी अन्य फर्मों को पास-ऑन कर दी। जांच में यहां भी फर्म कागजों तक ही सीमित मिली। इस मामले में 2.85 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है।

# बरेली में एफएसडीए का छापा, डेढ़ लाख का संदिग्ध पनीर जब्त, चालक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रंगों के त्योहार से ठीक पहले मिलावटखोरों की काली कमाई पर प्रशासन ने जोरदार चोट की है। शहर में टोल-नाकों पर चल रही सघन चेकिंग के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने 1150 किलो संदिग्ध पनीर से भरा वाहन पकड़ लिया। टीम को देखते ही चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर मौजूद 23 ड्रम पनीर जब्त कर नष्ट करा दिया गया। इसकी कीमत करीब 1.72 लाख रुपये आंकी गई है।

होली के मौके पर मिठाई, खोया और पनीर की बढ़ती मांग को देखते हुए जिलेभर में सख्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा और जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार को सभी प्रमुख टोल और नाकों पर वाहनों की तलाशी ली। इसी दौरान रामगंगा पुलिस चौकी के पास एक संदिग्ध वाहन नजर आया। वाहन में ड्रम लदे देख टीम ने इशारा कर रोकना चाहा, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। टीम ने भी पीछा नहीं छोड़ा और कुतुबखाना सब्जी मंडी तक गाड़ी को ट्रैक किया। वहां रौनक ट्रेडर्स के सामने 23 ड्रम उतारे जा रहे थे। टीम को देखते ही चालक सामान छोड़कर भाग निकला।

ड्रम खोलकर जांच की गई तो उनमें पनीर भरा मिला। भंडारण की हालत संदिग्ध और गुणवत्ता प्रथम दृष्टया दूषित पाई गई। टीम ने तुरंत 1150 किलो पनीर जब्त कर मौके पर ही नष्ट करा दिया। बताया जा रहा है कि त्योहार में इसे बाजार में खपाने की तैयारी थी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने साफ किया है कि होली पर किसी भी हाल में मिलावटी खाद्य पदार्थ बाजार में नहीं बिकने दिए जाएंगे। अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और संदिग्ध कारोबारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह कार्रवाई मिलावट के धंधे में लिप्त लोगों के लिए साफ संदेश है कि त्योहार की आड़ में जहर बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बरेली जंक्शन पर बनेगा छह मीटर चौड़ा नया फुटओवर ब्रिज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** रोजाना 40 से 42 हजार यात्रियों की आवाजाही संभालने वाले बरेली जंक्शन पर अब भीड़ से राहत मिलने वाली है। रेलवे ने शाहजहांपुर छोर पर छह मीटर चौड़ा नया फुटओवर ब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नया पुल बनने से प्लेटफार्म दो, तीन और चार से आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

इस समय जंक्शन के शाहजहांपुर और रामपुर दोनों छोर पर तीन-तीन मीटर चौड़ाई के फुटओवर ब्रिज बने हैं। रोजाना हजारों यात्री इन्हीं पुलों के सहारे प्लेटफार्म से बाहर निकलते हैं। जब इंटरसिटी एक्सप्रेस, आला हजरत एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें एक साथ पहुंचती हैं तो स्थिति और मुश्किल हो जाती है। हजारों यात्री एक ही समय पर प्लेटफार्म से निकलते हैं, जिससे पुलों पर धक्का-मुक्की की नौबत आ जाती है।

### हादसे का रहता था डर, इंतजार में बीतते थे मिनट

भीड़ अधिक होने से यात्री एक-दूसरे से सटकर निकलते हैं। कई बार तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों को संभालना मुश्किल हो जाता है। हादसे की आशंका भी बनी रहती थी। कई यात्रियों को पुल खाली होने तक इंतजार करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए रेलवे ने शाहजहांपुर छोर पर एक और फुटओवर ब्रिज बनाने का फैसला लिया है।

### छह मीटर चौड़ा होगा नया पुल

नया फुटओवर ब्रिज छह मीटर चौड़ा होगा। इसके बनने के बाद जंक्शन पर कुल तीन फुटओवर ब्रिज हो जाएंगे। इससे भीड़ का दबाव बंटेगा और यात्रियों को बाहर निकलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक मो. इमरान ने बताया कि नए पुल का प्रस्ताव पास हो चुका है। जंक्शन पर पहले से दो फुटओवर ब्रिज मौजूद हैं। दोनों छोर पर एस्केलेटर और लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है, ताकि बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को परेशानी न हो।

### कैंट छोर का एस्केलेटर चार दिन से बंद

इधर कैंट छोर पर लगा एस्केलेटर चार दिन से खराब पड़ा है। इससे फुटओवर ब्रिज पर चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को एक एस्केलेटर खराब हुआ था, जिसके बाद से मरम्मत का इंतजार है। यात्रियों का कहना है कि भीड़ के समय एस्केलेटर का बंद होना परेशानी को और बढ़ा देता है। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि नया फुटओवर ब्रिज कब तक बनकर तैयार होता है और खराब एस्केलेटर कब तक दुरुस्त किया जाता है।

# शाहबाद में संग्रह अमीन को एंटी करप्शन टीम ने 15 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

- शस्त्र नवीनीकरण के लिए आख्या लगाने के नाम पर मांगी रिश्वत
- एंटी करप्शन टीम ने संग्रह अमीन को पैसों के साथ सरकारी आवास से पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहबाद में रिश्वत लेते संग्रह अमीन को रंगे हाथों दबोचकर ले जाती एंटी करप्शन की टीम

**शाहबाद।** शिकायत पर मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन टीम ने संग्रह अमीन को रिश्वत लेते उसके सरकारी आवास से दबोच लिया। एंटी करप्शन की छापेमारी से तहसील परिसर में अफरा तफरी मच गई। एंटी करप्शन की टीम संग्रह अमीन को शाहबाद थाने ले आई। अमीन को गिरफ्तार कर ले जाते वक्त एंटी करप्शन की टीम और अमीन के बेटे के बीच नोंकझोंक भी देखने को मिली।

शाहबाद तहसील के जाहिदपुर गांव निवासी हसमुद्दीन की शिकायत पर मुरादाबाद की एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक कृष्ण अवतार केडी नेतृत्व में शाहबाद तहसील में तैनात संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते उनके सरकारी आवास से दबोच लिया।

इस दौरान संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी के होश उड़ गए। तहसील परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। एंटी करप्शन टीम आरोपी संग्रह अमीन को तहसील से गिरफ्तार कर शाहबाद थाने ले आई और आगे की कार्यवाही पूरी की। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी के दिन आरोपी संग्रह अमीन को शाहबाद थाने में ही रखेगी। रविवार को उनको जेल भेजने की तैयारी की जाएगी।

### शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण पर रिपोर्ट लगाए जाने के नाम पर मांगी रिश्वत

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी शिकायतकर्ता हसमुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि वह वर्तमान समय में मुरादाबाद में रहते है। आरोप है कि संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी ने उनके शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण पर आख्या रिपोर्ट लगाए जाने के नाम पर 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी।जिसकी शिकायत उनके द्वारा चार दिन पहले मुरादाबाद इकाई के भ्रष्टाचार निवारण संगठन में की गई थी। जिसके चलते एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को संग्रह अमीन को शाहबाद तहसील के सरकारी आवास से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## डीएम को ज्ञापन देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील सदर के ग्राम सींगनखेड़ा मझरा अहमदनगर में होली स्थल पर अवैध कब्जे को स्थाई रूप से हटवाकर उसकी स्थाई हदबन्दी कराये जाने के सम्बन्ध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि सींगनखेड़ा मझरा अहमदनगर में होलिका स्थल पर गांव के ही श्यामलाल पुत्र रामप्रसाद व पप्पू, सुन्दरलाल, रमेश पुत्रगण श्यामलाल ने अवैध कब्जा कर रखा है। होली स्थल पर दशकों से होलिका दहन होता चला आ रहा है, किन्तु यह लोग होलिका स्थल पर अवैध कब्जा कर उस पर अपना स्थाई अधिकार करना चाहते है। जिस पर प्रत्येक वर्ष होली रखने को लेकर झगड़ा होता है। बमुश्किल अवैध कब्जा हटवाकर वहां होली रखवायी जाती है. किन्तु होली जलने के तुरन्त बाद पुनः लोग कब्जा कर लेते है। किन्तु अब उस पर वह पक्का निर्माण कराकर स्थाई कब्जा करना चाहते है, जिस कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्रामवासियों द्वारा अवैध कब्जा हटवाने को लेकर पूर्व में भी संपूर्ण समाधान दिवस में तथा थाना अजीमनगर में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर पुलिस ने जाकर लोगों को समझाया। यह लोग हेकड़ व बदमाश किस्म के व्यक्ति है। गांव पर अपना रौब जमाते हैं। झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं। गांव वालों ने अनेको बार समझाने का प्रयास किया किन्तु अपनी बदमाशो के बल पर वह उक्त जमीन पर कब्जा करना चाहते है। ज्ञापन में अनुरोध किया गया है कि होलिका दहन की जमीन से अवैध कब्जा हटवाकर स्थाई हदबन्दी करवाई जाए। जगदीस, लीलाधर, रामकुमार, हरपाल,भजनलाल आदि ने हस्ताक्षरित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

# हम विज्ञान के द्वारा अपनी दैनिक दिनचर्या के कामों को आसान बना रहे: अशोक

- विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शनिवार को किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने अपने व्याख्यान में विज्ञान की नवीन तकनीक से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कहा कि विज्ञान आज के समय में तकनीक के रूप में बहुत आगे निकल चुका है। हम विज्ञान के द्वारा अपनी दैनिक दिनचर्या के कामों को आसान बना रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि विज्ञान को सिर्फ एक विषय समझ कर ना पढ़े। बल्कि विज्ञान को दैनिक जीवन में उपयोग करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा तेवतिया प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने अपने व्याख्यान में रमन इफेक्ट के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि विज्ञान दिवस क्यों मनाते हैं। उन्होंने प्रकाश के अपवर्तन व परावर्तन के नियमों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर-चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्री हरि इंटर कॉलेज, स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल, मॉडल मोंटेसरी किला, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिलासपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चमरोआ, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिलक, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्वार, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर, रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज, डीएवी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनका मूल्यांकन जिला विज्ञान क्लब द्वारा गठित की गई मूल्यांकन समिति द्वारा किया गया। मूल्यांकन समिति में श्याम रस्तोगी प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सचिन कुमार प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. यासमीन जैदी सहायक प्रोफेसर इंपैक्ट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, जफर अतीक प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने संयुक्त रूप से मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के पद पर आमंत्रित राजू सिंह विज्ञान संचारक ने विद्यार्थियों को विज्ञान के नवीन प्रयोग करके दिखाएं। वह प्रयोग करके दिखाएं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का बुकें देकर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में चयनित सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यापक व अतिथियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने धन्यवाद किया।

जिला विज्ञान क्लब के कार्यक्रमों से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर राजू, अंकुर, अरविन्द कुमार, मीना शर्मा, सुषमा, शोभा गुप्ता, शमीम फातिमा, दीपा शिखा, अंजु रस्तोगी, रवि माथुर, राजू कठैत मौजूद रहे।

अशोक कुमार, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, विशिष्ट अतिथि के पद पर डॉ. सीमा तेवतिया, प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजू सिंह विज्ञान संचारक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ से सादर उपस्थित हैं। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में श्याम रस्तोगी प्रवक्ता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रहे। कार्यक्रम का संचालन अनन्या शर्मा, आंचल व रीतू यादव प्रशिक्षु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने संयुक्त रूप से किया है।

### इन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर सोनाक्षी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चमरौआ से रही। द्वितीय स्थान पर रिया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिलासपुर से रही। तृतीय स्थान पर सायना कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्वार से रही। सांत्वना पुरस्कार में दिव्या कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से रही। महक मॉडल मोंटेसरी रामपुर से रही। पोस्टर एवं चार्ट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर उबैदिया प्राथमिक विद्यालय कमरलका से रही। द्वितीय स्थान पर कुमकुम उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी तृतीय स्थान, मोहम्मद अब्दुल गाइडेंस इंटरनेशनल स्कूल रहे। सांत्वना पुरस्कार में सामिया कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं शौर्य सैनी श्री हरि इंटर कॉलेज रामपुर व महक मॉडल मोंटेसरी से रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अदीबा ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल रही। द्वितीय स्थान पर आयशा खान सेंट पॉल स्कूल रामपुर से रही। तृतीया स्थान पर शीतल देवल डीएवी इंटर कॉलेज बिलासपुर रामपुर से रही। सांत्वना पुरस्कार में अदिति देओल डीएवी इंटर कॉलेज बिलासपुर रामपुर, ओबामा गाइडेंस इंटरनेशनल स्कूल रामपुर, छवि रस्तोगी डीएवी कन्या इंटर कॉलेज रामपुर रही। भाषण प्रतियोगिता में मुश्दा रब्बी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से रहे। द्वितीय स्थान पर रखश्ती मिर्जा इंपैक्ट कॉलेज रामपुर से रही। तृतीय स्थान पर ऊरुस अनीश इंपैक्ट कॉलेज रहे। सांत्वना पुरस्कार में रितु यादव जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर से फायजा इंपैक्ट कॉलेज रही। याचना रानी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर से रही।

## मेला स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन से नजर रखेगी पुलिस



- मार्ग को पूरी तरह खाली कराकर कराएं घोड़ों की दौड़: सीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** आगामी त्योहार होली को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस बेहद सतर्कता बरत रही है, होली पर लगने वाले मेला स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे है। गांवों में भ्रमण कर लोगों से समस्याओं को जाना जा रहा है। शनिवार को सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने शाहबाद थाना क्षेत्र के खंदेली गांव में लगने वाले मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेला कमेटी से वार्ता की गई। कमेटी ने मेला स्थल कर पर्याप्त पुलिस बल की मांग की। सीओ देवकीनंदन ने खंदेली मेला कमेटी से कहा कि मेले के दौरान होने वाली घोड़ों की दौड़ मार्ग के आवागमन को पूरी तरह बन्द कराकर ही कराएं। वहीं शहर के शिवमन्दिर पर लगने वाले चौपाई के मेला स्थल का भी निरीक्षण किया।सीओ देवकीनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला स्थलों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी, खंदेली गांव में होने वाली घोड़ों की दौड़ को सुरक्षित रखने के लिए कमेटी को निर्देशित किया गया है।

## शहर से लेकर गांवों तक की कनेक्टिविटी होगी बेहतर, 4.43 करोड़ रुपये से बनेंगी तीन सड़कें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर से लेकर गांवों तक की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके लिए 4.43 करोड़ रुपये की लागत से तीन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। तीनों सड़कों के प्रस्ताव शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भेजे थे, जिन्हें अब शासन की मंजूरी मिल चुकी है। विधायक का कहना है कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी सुधरेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कों की हालत खस्ता है। यहां तक कि गांवों के मुख्य मार्ग भी बदहाल थे, जिसके बाद एक-एक करके गांवों की सड़कों को बेहतर करने के साथ ही नए सिरे से बनवाया जा रहा है। पिछले दिनों शहर विधायक आकाश सक्सेना ने काजीपुरा चौराहे से लेकर ग्राम मिलक निब्बी सिंह तक मार्ग के नव निर्माण, मजिस्ट्रेट के बाग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज वाया ककरौआ आंबेडकर पार्क तक मार्ग का नवनिर्माण एवं बीसरी से मिश्रीनगर मार्ग का नवनिर्माण का प्रस्ताव भेजा था। जिसके बाद शासन ने तीनों सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गौरव ने बताया कि तीनों मार्गों के निर्माण में 4.43 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि काजीपुरा चौराहे से ग्राम मिलक निब्बी सिंह तक सड़क के निर्माण में 90.54 लाख रुपए, मजिस्टेज्ट के बाग से ककरौआ आंबेडकर पार्क तक सड़क निर्माण में 105.57 लाख रुपये एवं बीसरी मिश्रीनगर मार्ग के निर्माण में 246.35 लाख रुपए की लागत आएगी। वहीं, शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को शहर के शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने में कम समय लगेगा। वहीं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए भी यह परियोजना उपयोगी साबित होगी। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार बेहतर सड़कों की मांग की जा रही थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। अब स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही कार्य धरातल पर दिखाई देगा।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 242319 महिलाओं को मिली निःशुल्क रिफिल सब्सिडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** होली के पावन अवसर पर जनपद में 242319 पात्र महिला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का लाभ प्रदान किया। विकास भवन सभागार में कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किये।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की उपस्थिति में लाभार्थी महिलाओं ने लोक भवन, लखनऊ से सीधे प्रसारित मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को रसोई के धुएं से मुक्ति मिली है, जिससे उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक वातावरण एवं जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ योजना का लाभ मिले। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि जनपद में उज्ज्वला योजना के तहत हजारों पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में गैस रिफिल सब्सिडी की धनराशि डीबीटी के माध्यम से नियमित रूप से अंतरित की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वर्ष में दो रिफिल होली एवं दीपावली के अवसर पर निःशुल्क प्रदान किए जाने की व्यवस्था है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा रुपये 554.07 एवं केंद्र सरकार द्वारा रुपये 319.43 की सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खातों में अंतरण की जाती है। कार्यक्रम में इंडियन गैस के एरिया मैनेजर ज्योतेश, गैस एजेंसी प्रतिनिधि, लाभार्थी महिलाएं तथा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### होली के बारे में बच्चों को दी जानकारी

**रामपुर।** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार में होली पर्व के अवसर पर विद्यालय में भी सभी विद्यार्थियों को होली से संबंधित जानकारी दी।इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर के द्वारा बच्चों को होलिका और प्रहलाद की कहानी भी सुनाई गई। जिसमें उन्हें बताया गया कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का तथा प्रेम और आपसी भाईचारे का त्यौहार है। विद्यार्थियों को बताया गया कि इस त्यौहार में प्रथम दिन होलिका दहन होता है तथा दूसरे दिन धुलेंडी में सभी लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं। साथ ही इस त्यौहार के साथ हिरण्य कश्यप तथा होलिका की कहानी भी जुड़ी है, जिससे हमें बुराई के अंत का संदेश मिलता है। विद्यालय के प्रबंधक श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा भी बच्चों को यह बताया गया कि हमें सुरक्षित तथा स्वच्छ रूप से होली मनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमें ऐसे रंगों से नहीं खेलना चाहिए जिससे किसी की त्वचा को नुकसान हो। इस अवसर पर विद्यालय के सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी ने तथा विद्यालय को ऑर्डिनेटर में कुलदीप कौर तथा पूजा अरोड़ा ने भी सभी बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ में दीपा कंवल, नेहा, श्वेता, नाजिया, सुमैया आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# यंग शिशुओं की सेहत संवारेंगी आशाएं: प्रभात

- 15 माह तक होगी घर-घर निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय




चमरौआ प्राथमिक चिकित्सालय में एचबीवाईसी का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक सीता और नौरीन

**रामपुर।** शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और कुपोषण पर लगाम कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसी हुई है। होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड कार्यक्रम के तहत 5 दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षित आशा कार्यकताओं ने अब घर-घर जाकर बच्चों के वृद्धि विकास की निगरानी प्रारंभ कर दी है।

जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक प्रभात कुमार के अनुसार होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड कार्यक्रम के तहत जिन आशाओं ने गृह आधारित नवजात शिशु के तहत तीन राउंड प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है उन्ही आशाओं को इस माडयूल के लिए प्रशिक्षण दिया है। इसके तहत आशा अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी के साथ जन्म से 15 माह तक के बच्चों की विशेष देखभाल और ट्रैकिंग करेगी। आशा कार्यकर्ता पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता पर परामर्श देंगी। जबकि आंगनबाड़ी वृद्धि निगरानी और पोषण देखभाल और ट्रेकिंग करेगी। आशा कार्यकत्री बीमार और कम वजन वाले बच्चों को पोषण एवं पुनर्वास केन्द्र को संदर्भित करेगी। आशा एवं संगिनी के सभी माडयूल के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक एवं आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना और बच्चों में स्टंटिंग (नाटापन) व एनीमिया जैसी समस्याओं को रोकना है। अभी तक आशाएं गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम के तहत जन्म के 42 दिनों तक ही निगरानी करती थीं, लेकिन अब यह दायरा बढ़ाकर 15 माह कर दिया गया है। गृह भ्रमण के दौरान आशा द्वारा स्तनपान और ऊपरी आहार की जानकारी के साथ 6 माह तक केवल स्तनपान और उसके बाद उचित ऊपरी आहार के लिए प्रेरित करेंगी। एमसीपी कार्ड के माध्यम से जांचेंगी कि बच्चा समय के साथ सही तरीके से बढ़ रहा है या नहीं। परिवार को हाथ धोने और सफाई की आदतों के बारे में जागरूक करेंगी। बीमारी की पहचान में समय रहते निमोनिया और डायरिया जैसे रोगों के लक्षणों की पहचान कर तुरंत उपचार के लिए उत्तर प्रदेश राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से रेफर करेंगी।आशा और आंगनबाड़ी संयुक्त रूप से एक निश्चित अंतराल पर बच्चे की आयु 3, 6, 9, 12 और 15 माह होने पर गृह भ्रमण के दौरान परिवार के घर जाकर स्वास्थ्य जांच करेंगी। इस कार्य के लिए आशा कार्यकताओं को प्रति बच्चा 250 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

सीता देवी,नौरीन अनवर,कुलदीप कुमार, संगीता देवी, तिलोत्मा देवी, रिजवान पाशा, शरीफ अली, शबाना और डॉ. कुलदीप सिंह चौहान आशा प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### प्रशिक्षण में अब तक ब्लॉक वार प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी आशाओं का ब्यौरा

चमरौआ- लक्ष्यः198 आशा, प्रशिक्षित आशा-198
सैदनगर- लक्ष्यः189 आशा, प्रशिक्षित आशा- 159
टांडा- लक्ष्यः168 आशा, प्रशिक्षित आशा-100
शाहाबाद- लक्ष्यः233 आशा, प्रशिक्षित आशा-200
मिलकररजपुरा- लक्ष्यः266 आशा, प्रशिक्षित आशा-177
बिलासपुर और स्वार में पिछले वर्ष प्रशिक्षण संपन्न हो चुके है।


जनपद में चमरौआ, मिलक-रजपुरा, सैदनगर, शाहबाद, टांडा में ट्रेनिंग पूरी होने के बाद सभी प्रशक्षित आशाएं फील्ड में उतरने को पूरी तरह तैयार हो रही हैं। बिलासपुर और स्वार की आशाओं को एचबीवाईसी का प्रशिक्षण पहले ही प्रदान किया जा चुका है।
डॉ. दीपा सिंह, सीएमओ

# होली को लेकर प्रशासन सतर्क, तैनात किए मजिस्ट्रेट

- 2 से 4 मार्च तक रहेंगी विशेष व्यवस्थाएं, दो को होगी होलिका दहन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली का मुख्य पर्व 2 मार्च से 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा जो देर रात्रि तक चलेगा। 4 मार्च को दुल्हेंडी रंग के अवसर पर हिन्दु समुदाय द्वारा रंग खेला जाएगा। जनपद में होली पर्व के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति को सामान्य रखने तथा अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी 2 मार्च से 4 मार्च तक मजिस्ट्रेटों के रूप में थानों पर



लगाई गई है।

जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि थाना कोतवाली में वक्फ निरीक्षक मोमिन अंसार, थाना गंज में अवर अभियन्ता लोनिवि प्रा.खंड आरिफ, थाना सिविल लाइन्स में अवर अभियन्ता नलकूप मोहम्मद रूबैद, थाना स्वार में अवर अभियन्ता लोनिवि मोहम्मद आजम, थाना टाण्डा में उप निबन्धक हबीब अहमद सिद्दीकी, थाना अजीमनगर में अवर अभियन्ता लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सनी अनवर, थाना मिलक खानम में रेन्जर तहसील स्वार मुजाहिद हुसैन, थाना बिलासपुर में उप निबन्धक बिलासपुर जुबैदा बी, थाना खजुरिया में अवर अभियन्ता लोनिवि प्रान्तीय खण्ड अकील अहमद, थाना केमरी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहबुद्दीन दोस्त, थाना मिलक में अवर अभियन्ता नलकूप मोहम्मद जावेद, थाना भोट में अवर अभियन्ता सिंचाई अजमल हुसैन, थाना शहजादनगर में अवर अभियन्ता लघु सिंचाई नजर अंसारी, थाना पटवाई में विपणन निरीक्षक मगरूब हुसैन, थाना शाहबाद में सहायक अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण मोहम्मद शकील खान, थाना सैफनी में सहायक चकबन्दी अधिकारी शाहबाद सुलेमान आलम एवं महिला थाना में अवर अभियन्ता सिविल लोनिवि निर्माण खंड उमामा रहमानी की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर मजिस्ट्रेट समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट तथा ड्यूटी पर लगाये गये समस्त मजिस्ट्रेट होलिका दहन के पूर्व से ही अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के साथ भ्रमण करके संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर लें। अगर होलिका दहन के स्थान को लेकर कहीं कोई विवद संज्ञान में आता है तो उसे धैर्य, सद्भाव एवं संयम से समय पूर्व निस्तारित कराना सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्थिति में कोई नई परम्परा कायम न होने दी जाए। इस अवसर पर साम्प्रदायिक सद्भाव एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने परगना क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था के लिए उत्तरदायी रहेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने परगना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार क्षेत्र से सम्बन्धित अधिकारियों की ड्यूटी लगायेंगे।

## 24 घंटे चालू रखना मोबाइल

समस्त अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। यदि किसी क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका तत्काल स्थल पर ही दृढ़तापूर्वक समाधान करते हुए उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देंगे। समस्त अधिकारीगण अपना मोबाइल नम्बर 24 घंटे चालू रखेंगे और कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा तथा इस त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि पर्व के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय एवं संवाद हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम रहेगा, जिसका दूरभाष नम्बर-9068309528, 0595-2350404 एवं व्हाटसएप नम्बर-9045299525 है। कंट्रोल रूम में रेवन्यू इन्सपेक्टर नगर पालिका परिषद रामपुर शमीम अहमद की ड्यूटी 2 मार्च से 4 मार्च को कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण कराए जाने के लिए लगायी गई है।

## स्कूल में बच्चों ने खेली होली, लगाया गुलाल



**रामपुर।** शिव विहार स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में होली के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग, गुलाल लगाया। अध्यापक और अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के साथ फूलों की होली खेली।

प्रबंधक नरदेव सिंह सिंह मौर्य ने बच्चों को केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने प्रेरित किया। कहा कि केमिकल युक्त रंगों से होली खेलने से त्वचा रोग हो सकते हैं। बच्चों को होली के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। इस दौरान सभी से स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया। स्कूल स्टाफ और सभी बच्चों ने होली के गीतों पर जमकर होली खेली। विदुषी मौर्य ने सभी को होली की बधाई देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नरदेव सिंह ,विदुषी मौर्य, आरव सिंह, अजय सिंह मौर्य, शैलजा कुशवाहा, ज्ञाना सिंह, गुलफ्शा बी, ईशा गौर आदि उपस्थित रहे।

# छापेमारी में 145 किलो दूषित मिठाइयां कराई नष्ट, 3 नमूने

- होली पर्व पर मिलावटखोरों के खिलाफ जनपद में चलाया अभियान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** होली पर्व पर मिलावटखोरी के विरुद्ध विशेष छापामार अभियान 3 नमूने संग्रहित, 145 किलोग्राम दूषित मिठाइयां नष्ट कराई है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने तथा मिलावट पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त खाद्य अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान संचालित किया गया। विशेष छापामार कार्रवाई में केमरी, मिलक-बिलासपुर



छापेमारी के दौरान दूषित मिठाई नष्ट कराते सहायक आयुक्त व अन्य।

रोड, रामपुर स्थित हसन स्वीट हाउस के स्वामी नबी हसन से छेना रसगुल्ला एवं गोले का पेड़ा का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 15 किलोग्राम दूषित मिठाइयां अनुमानित कीमत 2,040 को मौके पर ही नष्ट कराया गया। ग्राम कमौरा, निकट दूरभाष- मोबाइल टावर, तहसील मिलक स्थित रसगुल्ला निमार्ता, भंडारणकर्ता सूरजभान बघेल पुत्र मायाराम बघेल के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का एक नमूना लिया गया। साथ ही लगभग 130 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई अनुमानित कीमत 13,000 को नष्ट कराया गया। खाद्य पदार्थों के कुल 3 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप संबंधित धाराओं में वाद दायर किया जाएगा। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार एवं अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

## बच्चों ने एक दूसरे के रंग लगाकर मनाई होली

**रामपुर।** साईं विहार स्थित फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर इस पावन पर्व का आनंद उठाया। पूरे विद्यालय में खुशियों का वातावरण रहा।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संदेश दिया। यह आयोजन प्रेम, एकता और खुशियों से भरपूर रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह ने स्नेह, करूणा, सत्य, मित्रता सामाजिक समरसता और भक्ति के प्रतीक होली के रंगों भरे पर्व की सभी को बधाई दी। इस रंगोत्सव का सार विद्यार्थियों को समझाया की होली के रंगों की भांति हम सभी भारतीय विभिन्न रंगों की तरह है जो अनेकता में एकता का संदेश सारे संसार को देते है। प्रधानाचार्य वंदना डिमरी ने सभी छात्र छात्राओं को होली और रंगों के उपयोग से जुड़ी जानकारियों और सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रोगी, बच्चो, बुजुर्गो, जानवरों एवं बिना अनुमति किसी को बलपूर्वक रंग न लगाए, केमिकल फ्री हर्बल रंगो का ही प्रयोग करे।

# ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन

- खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय खोन्दलपुर में खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता मे किया गया। प्रदेश में 6 से 8 उच्च प्राथमिक स्तर के स्कूल में पढ़ रहे बच्चों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तीन वर्ग चित्रकला भाषण एवं कविता के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न वर्ग में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता से संबंधित दिशा निर्देश एआर पी आकांक्षा गौतम द्वारा दिए गए।



प्राथमिक विद्यालय खोन्दलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

चित्रकला मे प्रथम वाहपुर गंगापुर, द्वितीय पिपलिया महतो, तृतीय कस्बा राजपुर, भाषण में पिपलिया महतो एवम चंदला, कविता मे बेरखेडी एवम चंदला के बच्चों ने बाजी मारी। इस अवसर पर एआरपी मंगल सेन, जसवीर,रेनू सिंह, श्वेता गुप्ता, पिंकी, मीनू, रामचंद्र गौतम, इमराना, सरिता, शिखा,अमर सिंह, भोले नाथ, आरती, विनीता, हरविंदर, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व



**रामपुर।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एक दूसरे को रंग लगाकर आपस में होली की बधाई दी। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह द्वारा बच्चों को होली के महत्व एवं रंगों के सही प्रयोग का ज्ञान दिया गया। अध्यापिका द्वारा बच्चों को सुरक्षित तरीके से होली को खेलने को कहा गया। इस अवसर पर विद्यालय में सृष्टि खोखर, नीलम राणा, कमलेश, गायत्री, भूरी, सुनहरी, सुषमा आदि उपस्थित रहे।

## भैंसिया स्कूल में मनाई होली

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने छात्रों को होली के




विषय में बताया।इसके बाद कक्षा 4 व 5 के बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया। फूलों व पत्तियों का प्रयोग कर रंगोली बनाई। कुछ छात्र-छात्राओं ने होली से संबंधित कुछ पंक्तियां सुनाई। कक्षा 4 के बच्चों ने बृज भाषा का लोकगीत आज बिरज में होरी रे रसिया गया। फिर समस्त छात्रों व शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की मुबारकबाद दी। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को समझाया कि होली के इस पावन पर्व को हंसी खुशी से एक दूसरे को सावधानी पूर्वक गुलाल लगाए। इस अवसर पर नेहा गुप्ता,विक्रम कुमार, ज्योति,निदा खान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक सैदनगर यूपीएस कम्पोजिट सरकड़ी में बच्चों के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इसी के साथ बच्चों को होली का दहन व होली का महत्व भी बताया गया।

## कम्पोजिट विद्यालय सरकड़ी में बच्चों ने मनाई होली

कम्पोजिट विद्यालय सरकड़ी में बच्चों ने मनाई होली। इस मौके पर कम्पोजिट विधालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही। इसी के साथ बच्चों को होली का दहन व होली का महत्व भी बताया।पूजा, ऋचा सक्सेना, मधुरिमा, आकांक्षा खत्री, हुमैरा जहूर, बबलू सिंह, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव व ई-ऑफिस संचालन पर जोर

- खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने विकास खंड कार्यालय शाहबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित पटल सहायकों यथा– आवास पटल, शिकायत पटल, स्थापना पटल एवं आंकिक पटल को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने पटल से सम्बन्धित पत्रों को संबंधित पत्रावलियों में सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखें।

उन्होंने शासन,आयुक्त, जिलाधिकारी, जनसुनवाई आईजीआरएस आदि विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों की निर्धारित समयावधि में जांच कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ता को समय से अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने पटल से



विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ

सम्बन्धित पत्रावलियों, पत्रों एवं जिन भी निर्माण कार्यों के सापेक्ष भुगतान किया जा रहा है, उनकी समस्त पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत ऑनलाइन सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास खण्ड में कार्यालयी कार्यों का निष्पादन अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए, जिससे कार्य में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित हो सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को विकास खण्ड परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), बीएमएम (एनआरएलएम), बाल विकास परियोजना कार्यालय की सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माहे रमजान के दस रोजे मुकम्मल, मगफिरत का अशरा शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** रमजान उल मुबारक के दस रोजे देखते ही देखते गुजर गए।इस तरह रहमत का पहला अशरा गुजर गया। शहर की बिलाल मस्जिद के इमाम मुफ्ती साकिब साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरा अशरा शुरू हो रहा है यह मगफिरत का अशरा है, इन 10 दिनों में बंदे पर रब की तरफ से मगफिरत यानी गुनाहों से माफी और बक्शीश का दरिया बहाया जाता है, इसलिए हर अल्लाह के बंदे के लिए जरूरी है कि एहतमाम के साथ रोजे तिलावत, तरहावी,गरीबों की मदद के साथ-साथ अपने गुनाहों गलतियों, और कमियों को याद करके सच्चे दिल से बार-बार तौबा करें। इसी मगफिरत को चाहने वाले अमल को इस्तखाफार कहते हैं इस्तकफार गुनाहों की माफी रिस्क में बरकत गमों से निजात और मुश्किलात को हल का बेहतरीन जरिया है। कुरान व हदीस की रोशनी में कसरत से मगफिरत करने वालों पर अल्लाह ताला बारिश ए



मुफ्ती साकिब साहब

माल व दौलत में तरक्की औलाद का मिलना हर परेशानी और तकलीफ से निकलने की राह और जन्नत अता फरमाता है। रमजान उल मुबारक का यह दूसरा अशरा इन तमाम चीजों को हासिल करने और अपना ताल्लुक रब से जोड़ने और मजबूत करने अपनी दुनिया व आखिरत को संभालने और बेहतर बनाने का अच्छा मौका है। इसलिए चलते-फिरते उठते बैठते दिन रात अस्तखफार करना चाहिए। अल्लाह ताला अपने सारे बंदों को माफ फरमाए।

## शाहबाद थाना दिवस में आई दो शिकायतें



शाहबाद थाने पर लोगों की जनसमस्याएं सुनते अफसर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने की। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने शिकायतों के तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल दो शिकायती पत्र आए। निरीक्षक जयप्रकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है राजस्व से जुड़े मामलों की तत्काल जांच कर जल्द ही उनका निस्तारण किया जाए। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना, लेखपाल मनोज यादव समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# मॉडल प्राइमरी स्कूल पट्टी कल्याणपुर में बच्चों ने खेली होली

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के मॉडल प्राइमरी स्कूल पट्टी कल्याणपुर में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया गया। होली के उपलक्ष्य में विद्यालयों में अवकाश प्रारम्भ हो रहा है। इसी कारण विद्यालय परिवार ने आज ही सामूहिक रूप से होली उत्सव मनाया।

विद्यालय परिसर में रंग, गुलाल और आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ होली खेली गई। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से होली के पर्व का आनंद लिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को होली के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली खेलने



छात्रों के साथ होली खेलते शिक्षक

का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का अवसर है। इस अवसर पर शिक्षक सुमित गंगवार, निदा हुसैन, प्रिया सैनी, सविता यादव, शुभम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मिठाई वितरित कर उत्सव का समापन किया गया।

# रंग एकादशी पर ढोल-चौपाई के साथ निकली परंपरागत यात्रा

● शोकाकुल परिवारों में जाकर उठाए गए शोक

जागरण मोर्चा कार्यालय


ठाकुरद्वारा क्षेत्र में रंग एकादशी पर जुलूस निकालते

**ठाकुरद्वारा।** होली पर्व के अवसर पर रंग एकादशी पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से चौपाई निकालकर रंगोत्सव मनाया गया। इस दौरान शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर रंग लगाकर शोक उठाने की परंपरा निभाई गई।

रविवार को नगर सहित देहात क्षेत्रों में महिलाओं ने दिन में शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर रंग खेला, वहीं पुरुषों ने ढोल बजाते हुए घर-घर जाकर रंग लगाया। नगर में बिना ढोल के चौपाई निकाली गई और परंपरा के अनुसार शोक उठाए गए।मान्यता है कि होली से पूर्व यदि किसी परिवार में मृत्यु हो जाती है तो एक वर्ष तक उस घर में कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता। रंग एकादशी के दिन रंग लगाकर शोक उठाने के बाद परिवार में शुभ कार्यों की बंदिश समाप्त हो जाती है। शोक उठाने की इस परंपरा में परिवारजन ढोल बजाने वालों को मिठाई, नकद धनराशि व वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हैं।देहात क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में होली के प्रधान सतीश चौधरी की देखरेख में एकादशी की चौपाई निकाली गई और शोकाकुल परिवारों में पहुंचकर शोक उठाया गया। इसके अलावा मानावाला, रूपपुर टंडौला, रतुपुरा, शरीफनगर, सुरजननगर, कुआखेड़ा, मुनीमपुर, बढ़ापुर, राघोवाला, सन्यासीवाला, तरफदलपत, जहांगीरपुर, जटपुरा, मधुपुरी, पाडला, बहादुरनगर, ख्वाजपुर समेत कई गांवों में रंग एकादशी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।नगर में निकाली गई चौपाई जुलूस में रुद्धदत्त शर्मा, एम.के. अग्रवाल, शरद पूठिया, सौरभ अग्रवाल, रिंकू व संजीव कुमार आदि मौजूद बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमाँयुपुर, मनकुआ मकसूदपुर, धारकनंगला आदि में फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर रंगभरी एकादशी का जुलूस सादगी एवं शान्तिपूर्ण तरीके से निकाला गया। परम्परागत सनातन संस्कृति के अनुसार विगत फाल्गुन मास से वर्तमान फाल्गुन मास के मध्य गौलोक गमन करने वालों के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए सम्बन्धी एवं मित्रगण रंगभरी एकादशी पर मृतक के परिजनों पर अबीर गुलाल उड़ाकर होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वास्तव में रंगभरी एकादशी पर सूप उठाने का तात्पर्य अनाज और गुलाल से शिव शक्ति को रंगना, घर में सुख समृद्धि की कामना और होली के पावन पर्व का आगाज करना माना जाता है। कस्बा बहेड़ी ब्रह्मनान में रंगभरी एकादशी का जुलूस परम्परागत तरीके से निकाला गया। जुलूस के दौरान होली की चौपाई पर ढोल की थाप पर युवाओं ने उत्साह पूर्वक नृत्य किया । जुलूस में राजकुमार शर्मा, राजेश रूहेला, पं.सुरेश कुमार शर्मा, पं. आशाराम शर्मा, महन्त अंकित शुक्ला, पवन भारद्वाज, मयंक भारद्वाज, भीमसिंह पाल, कुलदीप रूहेला, त्रिमल सिंह, सुशील शर्मा , राजेश वाल्मीकी, लक्ष्मीकांत कश्यप, राधेश्याम शर्मा आदि गणमान्य जन मौजूद रहे।

## नगर के उपभोक्ताओं को कब तक मिलेगा बिजली की समस्या से छुटकारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में दिन में काम से कम 8 से 10 बार बिजली की ट्रिपिंग एवं विद्युत समस्याओं से होती उपभोक्ता परेशान हैं। भारतीय किसान यूनियन द्वारा बिजली सुधार के लिए अब तक किए गए आंदोलनों सीवी बिजली विभाग ने कोई सबक नहीं लिया है।

तहसील क्षेत्र में बिजली का शेड्यूल निर्धारित है। इसके बावजूद नगर में कोई भी समय सीमा निर्धारित नहीं है कि कितने बजे से कितने बजे तक बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध होगी। हर आधा या दो घंटे के बाद बिजली की कटौती की जाती है अधिकारियों को इस संबंध में पूरी जानकारी है। बिजली टाइपिंग के साथ-साथ विद्युत बिलों में गड़बड़ी के साथ साथ मात्र ₹5000 का बिल जमा नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है। कनेक्शन जुड़वाने के लिए संविदा कर्मी सुविधा सुन के बिना कनेक्शन नहीं जोड़ते हैं। इस संबंध में विभागीय उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायत की हुई हैं। अनेक जन प्रतिनिधि भी बिजली की समस्याओं को लेकर उदासीन रहे हैं। केवल भारतीय किसान यूनियन विद्युत विभाग के खिलाफ धरने प्रदर्शन आयोजन करती रहती है। प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस पर सर्वाधिक शिकायतें विद्युत विभाग की आती हैं। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को डांट फटकार कर औपचारिकता पूरी कर देते हैं। विद्युत विभाग ने विद्युत सुधार में अभी तक कोई पहल नहीं की है। आजादी के बाद से आज तक बिजली की समस्याएं बरकरार हैं। नगर की जनता आखिर कब तक इन अधिकारियों की लापरवाहियों का बोझा अपने कंधे पर उठायेगी। क्षेत्र में चरमराई विद्युत व्यवस्था के कारण नागरिकों के सब्र का बांध किसी भी समय टूट सकता है। जिसको जिम्मेदार स्वयम विद्युत विभाग होगा। राकेश कुमार, संजीव दिवाकर, मोहम्मद यामीन, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश जगदीश आदि उपभोक्ताओं ने शीघ्र ही विद्युत समस्या के समाधान की मांग की है।

## धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

● राष्ट्र सेवा और नशा मुक्ति का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकडी में सुरेंद्रदास के आवास पर राष्ट्र सेवी संगठन के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और भारी संख्या में ग्रामीणों ने शिरकत की। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना और भारतीय संस्कृति के मूल मूल्यों को पुनर्जीवित करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में होली के पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

कृष्ण कुमार शर्मा ने हिरण्यकश्यप, भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा सुनाते हुए कहा कि किस प्रकार अहंकार और बुराई की प्रतीक होलिका अग्नि में जलकर भस्म हो गई, जबकि ईश्वर पर अटूट विश्वास रखने वाले प्रह्लाद सुरक्षित रहे। उन्होंने जोर दिया कि हमें अपने भीतर की बुराइयों को जलाकर प्रेम के रंग अपनाने चाहिए।समारोह का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव नशा मुक्ति अभियान रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों की पवित्रता नशे के कारण भंग हो रही है। उन्होंने समाज से अपील की कि वे नशे जैसी कुरीतियों को त्यागकर स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।इस अवसर पर संगठन के सदस्यों और ग्रामीणों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशा छोड़ेंगे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेली गई और सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजीमल और संचालन उमेश सैन ने किया। इसके अलावा मुकेश शर्मा, होमपाल सिंह, करन सिंह , रोहताश सिंह, राकेश, चंद्रपाल, कैलाश, डालचंद, हरपाल सिंह, संजय आदि मौजूद रहे।

## सेंट मार्क्स स्कूल में बच्चों ने मनाई रंगों भरी होली

● उत्साह और उमंग का दिखा माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय


ठाकुरद्वारा के और सैन्ट मार्कस स्कूल में शनिवार को होली खेलते हैं बच्चे

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित सेंट मार्क्स स्कूल ठाकुरद्वारा में होली पर्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने रंगों के त्योहार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह होली के रंगों और बच्चों की खुशियों से सराबोर नजर आया।

विद्यालय प्रबंधन की देखरेख में आयोजित होली उत्सव में नन्हे विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आकर्षक बन गया। शिक्षकों ने बच्चों को होली के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में आपसी प्रेम, सहयोग और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी सद्भाव, भाईचारे और खुशी बांटने का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं तथा सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर में पूरे समय उल्लास एवं उत्सव का माहौल बना रहा।

## होली से गुलजार हुए बाजार गुलाल और पिचकारियों की धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** रंगों का त्योहार होली नजदीक आते ही कांठ के बाजार गुलजार हो गए हैं। बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। हर ओर रंग-बिरंगे गुलाल आकर्षक पिचकारियां और तरह-तरह की होली से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों को भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में तरह-तरह के हर्बल गुलाल और इको-फ्रेंडली रंगों की मांग बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब केमिकल युक्त रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

बाजारों में गुलाल के साथ साथ अलग अलग फ्लेवर के इत्र मिले गुलाल भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। बच्चों के लिए तरह-तरह की आकर्षक पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियों से लेकर वाटर गन तक कई नए डिजाइन बाजार में आए हैं। दुकानदार बताते हैं कि इस साल स्पाइडरमैन, डोरेमोन और बैटमैन जैसी पिचकारियां बच्चों को काफी पसंद आ रही हैं। कांठ के प्रमुख चौक-चौराहों और गलियों में होली मिलन समारोहों की तैयारियां जोरों पर हैं। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देने की योजना बना रहे हैं। होली के चलते बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे व्यापारियों में खासा उत्साह है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में पहले से अधिक रौनक है, और बिक्री भी अच्छी हो रही है। कुल मिलाकर कांठ में होली के रंग का उत्साह बाजारों व्यापारियों और नागरिकों में पूरी तरह देखने को मिल रहा है।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़

**ठाकुरद्वारा।** नगर में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिजनों व स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर डायल 112 पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर के एक मोहल्ले की छात्रा घर से अध्ययन सामग्री लेने जा रही थी। आरोप है कि पोस्ट ऑफिस के पास एक युवक ने उसे रोककर अश्लील व भद्दी टिप्पणियां कीं और जबरन उसका हाथ पकड़ लिया। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और छात्रा को छुड़ाया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी।मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़कर 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। इसी बीच आरोपी ने धक्का देकर कार्रवाई करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, लेकिन लोगों ने उसे नहीं जाने दिया। बताया जाता है कि डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर आरोपी पास के एक मकान में घुस गया, जहां से पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। घटना के बाद छात्रा सहमी हुई बताई जा रही है। परिजनों ने आरोपी दीपक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बस खड़ी करने को लेकर विवाद

**ठाकुरद्वारा।** तिकोनिया बस स्टैंड पर शनिवार सुबह बस खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक निजी बस परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 17 निवासी मो. फारूख पुत्र युनुस काशीपुरझमुरादाबाद रोड पर चलने वाली एक निजी बस में परिचालक हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह करीब 9:10 बजे उनकी बस मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा पहुंची। बस खड़ी करने के स्थान पर पहले से एक टैम्पू खड़ा था। फारूख का कहना है कि जब उन्होंने टैम्पू चालक से वाहन थोड़ा आगे-पीछे करने को कहा तो वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने अपने कुछ साथियों को भी बुला लिया, जिन्होंने मिलकर उनके साथ हाथापाई की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मो. फारूख ने कोतवाली में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## आज चार घंटे रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**कांठ।** क्षेत्र में आज रविवार, दिनांक 1 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।जानकारी देते हुए विद्युत उपखण्ड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने अवगत कराया कि विद्युत विभाग द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कांठ को पोषित करने वाली 33 केवी लाइन पर पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाएगा, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।कार्य के दौरान विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई बंद रहेगी। इसके कारण उपकेंद्र से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं एवं किसान बंधुओं की बिजली आपूर्ति निर्धारित समय तक प्रभावित रहेगी।

## रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

**हसनपुर।** नगर स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में शनिवार को आगामी त्योहार होली के उपलक्ष्य में 'होली मिलन समारोह' का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की वर्षा कर प्रेम व सौहार्द की होली खेली।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक सुशील चंद सक्सेना ने कहा कि भारतीय त्योहार प्रेम, आपसी भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं। हमें सभी पर्व शांति और सादगी के साथ मनाने चाहिए। विद्यालय अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और स्टाफ को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई।इस अवसर पर प्रधानाचार्य निशांत त्यागी सहित सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, भावना सक्सेना, मंजरी दीक्षित, अतुल माथुर, सीमा वर्मा और समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील प्रांगण में हुआ होली मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा तहसील परिसर में होली मिलन समारोह में बार के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार मुजाहिद चौधरी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार जनों की ओर से होली पर अपनी रचना प्रस्तुत की, चौधरी ने कहा, जीवन में नए रंग मिलाने के लिए आ । आ फिर से हमें रंग लगाने के लिए आ।। रंगीन है मौसम यहां होली का समां है । रंजिश को भुला रस्म निभाने के लिए आ,होली भी ये तेरे बिना रंगीन नहीं है । आ रंगों की रंगत को बढ़ाने के लिए आ ।। रंगों में सराबोर कयामत को मैं देखूं । आ दिल को मेरे तस्कीन दिलाने के लिए आ।। पुरनूर समां है यहां रंगीन है महफिल । तन्हाई मुजाहिद की मिटाने के लिए आ ।। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अधिवक्ताओं, अधिकारियों,कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय जनता को होली की शुभकामनाएं दीं। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने होली की शुभकामनाएं देते हुए बार के कार्यों और सहयोग की प्रशंसा की। अध्यक्ष चौ. गजेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक शशि भूषण पाठक, महासचिव ब्रजकिशोर तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी तथा महावीर सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष महीपाल सिंह, सुनील भटनागर, श्यौराज सिंह राणा व वीर सिंह, सुबोध शर्मा, दिनेश गुप्ता, मदन कुमार,भाजपा नेता देवेंद्र खड़गवंशी व जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन बिजेंद्र सिंह ने किया।

इससे पूर्व विधायक और एसडीएम का कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर तथा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गुलाल और फूलों से होली खेली गई । कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां और होली गीत प्रस्तुत किए।

## श्याम बाबा के संकीर्तन में भक्तों ने जमकर खेली होली

● कलाकारों ने प्रस्तुत किए बाबा के भजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम में मौजूद भक्त

**हसनपुर।** रंग एकादशी के अवसर पर श्याम बाबा के मंदिर के प्रांगण में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन में बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी और संकीर्तन के अंत में भक्तों ने गुलाल एवं फूलों की जमकर होली खेली।नगर श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर स्थित श्याम बाबा के मंदिर पर श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा एकादशी के अवसर पर एक भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन सर्वप्रथम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और उसके बाद विधि विधान से पूजन किया गया। पूजन के बाद बाहर से आए सौरभ मित्तल,लव शर्मा एवं याशिका शर्मा दीपक बेधड़क द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी कलाकारों की प्रस्तुति पर भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। संकीर्तन के अंत में रंग की एकादशी के अवसर पर भक्तों द्वारा बाबा के समक्ष फूल एवं गुलाल की जमकर होली खेली।इस अवसर पर अंकुर अग्रवाल, मुकेश गोयल,हिरदेश अग्रवाल, शैंकी अग्रवाल,आशु चौहान,राहुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल,सतबीर गिरी, महेश शर्मा,देवेंद्र शर्मा,संजीव शर्मा,पप्पू गिरी,मोहित चौहान, अशोक रस्तोगी,प्रवीण प्रजापति, शोभित शर्मा,मोहित शर्मा,हनी अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## अम्बेडकर प्रतिभा खोज परीक्षा हुई संपन्न

● 12 केंद्रों पर 1000 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय


परीक्षा देती छात्राएं

**हसनपुर।** तहसील के ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से शनिवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर आदर्श शिक्षा सेवा समिति द्वारा अम्बेडकर प्रतिभा खोज परीक्षा-2026' का सफल आयोजन किया गया।

न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 6 से 8 तक के 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।क्षेत्र के कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और तार्किक क्षमता पर आधारित इस परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। आयोजक समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के मेधावी छात्रों को एक मंच प्रदान करना है। परीक्षा में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले तीन-तीन विजेताओं को आगामी 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी व विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने खेली होली



**हसनपुर।** नगर स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली के पावन पर्व से पूर्व शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी बच्चों द्वारा जमकर फूल एवं गुलाल की होली खेली गई। प्रधानाचार्य वरुण मोहन द्वारा बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली हमें बुराई पर अच्छाई की विजय प्रेम क्षमता आदि का संदेश देती है उन्होंने सभी को प्राकृतिक रंगों से सुरक्षित एवं पर्यावरण मित्र होली बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधिका इंद्रेश देवी, निर्देशक चमन लाल शाहिद स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

चिंतन

# बेटियों की सुरक्षा का प्रश्न और समाज की सामूहिक चेतना

मध्य प्रदेश से आई ताजा रिपोर्ट एक ऐसे सामाजिक संकट की ओर संकेत करती है जिसे अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रदेश में लगातार बढ़ रही बच्चियों और युवतियों के गुम होने की घटनाएँ, प्रेम जाल और छल के माध्यम से की जा रही आपराधिक गतिविधियाँ और कई बार संगठित रूप से चलाए जा रहे धर्मांतरण केन्द्रित नेटवर्क, यह सब मिलकर एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने रखते हैं कि क्या हम अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर सचमुच जागरूक हैं? या हम उस खतरे को सामान्य मानकर चलते जा रहे हैं, जिसका असर परिवार, समाज और पूरी पीढ़ी पर गहरा पड़ सकता है। मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2026 के बीच महिलाओं और बच्चियों के लापता होने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि दर्ज हुई है। 2020 में 31,405 मामलों से शुरू होकर यह संख्या 2023 में 46,191 और 2024 में बढ़कर 56,780 तक पहुंच गई। यह वृद्धि केवल जनसंख्या या रिपोर्टिंग के बढ़ने से नहीं समझी जा सकती। इसके पीछे उन गहरे सामाजिक और मानसिक बिंदुओं को देखना होगा जो हमारी बेटियों की सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। 2025 में यह आंकड़ा लगभग 60,000 के पार चला गया, और 2026 के शुरुआती महीनों में ही 4,197 मामले दर्ज हो चुके थे। यह न सिर्फ प्रशासनिक चुनौती है, बल्कि पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर भी एक गंभीर चेतावनी है। यह भी सामने आया कि इनमें बड़ी संख्या उन मामलों की है जहां लड़कियों को प्रेम के नाम पर भ्रमित किया गया, फ़ेक पहचान बनाकर सोशल मीडिया से संपर्क किया गया, आर्थिक प्रलोभन दिया गया, या परिवार से अलग कर किसी अन्य जिले और राज्य तक ले जाया गया। यह एक सुनियोजित पैटर्न की ओर संकेत करता है। डिजिटल युग में अपराध का स्वरूप बदल गया है। 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियाँ सोशल मीडिया का सबसे सक्रिय उपयोग करती हैं। यही सक्रियता कभी–कभी उन्हें जोखिम के करीब ले आती है। नकली नामों से बनाए गए खाते, प्रोफाइल की आड़ में किए गए संबंध, तस्वीरों का मॉर्फिंग और भावनात्मक दबाव बनाकर लड़कियों को नियंत्रित कर लेना ये गतिविधियाँ आज अपराध की नई भाषा बन चुकी हैं।कई मामलों में यह दिखा कि प्रारंभिक मित्रता और रोमांटिक बातचीत के बाद अचानक ब्लैकमेलिंग शुरू हो जाती है। शादी के झूठे वादे, धर्मांतरण का दबाव, वीडियो बनाकर धमकाना और आर्थिक शोषण इस प्रक्रिया का आम हिस्सा है। कुछ मामलों में ऐसा भी हुआ कि लड़की को उसके परिवार से काटकर दूसरे शहर या राज्य में ले जाया गया। कई लड़कियाँ मानसिक दबाव और भय के कारण परिवार या पुलिस से संपर्क करने तक में असमर्थ हो जाती हैं। यह सब मिलकर बताता है कि अपराधी अब केवल सड़क पर नहीं, स्क्रीन के पीछे भी बैठे हैं। सुरक्षा के पारंपरिक उपाय अब पर्याप्त नहीं, बल्कि डिजिटल सतर्कता और भावनात्मक समझ की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। समाधान कठोर कानूनों में नहीं दिख रहा है, बल्कि उनकी संवेदनशील, त्वरित और मानवीय कार्यवाही में निहित है। रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि उत्तरप्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू होने के बाद ऐसे मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई। पुलिस की तत्परता, पीड़िता को सुरक्षित वातावरण, और दोषियों पर कठोर कार्रवाई ने एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। मध्यप्रदेश में भी 45,000 महिला हेल्पलाइन शुरू करने की योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन हर संवैधानिक व्यवस्था तभी प्रभावी होती है जब समाज स्वयं अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करे। कानून अपराध को रोक सकता है, परंतु जागरूक समाज अपराध को पैदा होने से रोक सकता है।यदि परिवार संवाद बढ़ाए, यदि मोहल्ले में विश्वसनीय सामाजिक नेटवर्क बने, यदि स्कूल कॉलेज में मनोवैज्ञानिक परामर्श और आत्मरक्षा प्रशिक्षण नियमित हों, तो लड़कियाँ न सिर्फ सुरक्षित रहेंगी वह अपने भीतर आत्मविश्वास और साहस की अनुभूति भी करेंगी।
समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कई बार परिवारों में संवाद की कमी बच्चियों को बाहर भावनात्मक सहारे की तलाश के लिए प्रेरित करती है। यदि घर में विश्वास का वातावरण न हो, संवाद खुला न हो और बच्चियाँ अपने अनुभव, दोस्ती या संबंधों के बारे में बोलने से डरें तब अपराधियों के लिए रास्ता और आसान हो जाता है। माता–पिता और अभिभावकों को बेटियों के मनोभाव समझने होंगे। उनका साथ, उनका विश्वास, और उनका मार्गदर्शन बेटियों को किसी भी भ्रम, छल या दबाव के विरुद्ध मजबूत बनाता है। अनुभव यही कहता है कि जिस घर में बेटी से संवाद सहज हो, वहाँ किसी अपराधी की चाल विफल हो जाती है।
समाज की सामूहिक चेतना इस समस्या का सबसे महत्वपूर्ण समाधान है। यदि हम हर बेटी को अपनी बेटी की तरह देखें, तो मोहल्ले और कॉलोनियों में ऐसा वातावरण बनेगा जिसमें बच्चियाँ भयमुक्त होकर जी सकें। अपार्टमेंट परिसर, कॉलोनी और कैंपसों में सामुदायिक सुरक्षा समूह, महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम और नियमित जागरूकता संवाद इस दिशा में उपयोगी कदम हैं। ऐसा समाज जहाँ हर नागरिक संवेदनशील हो, वहाँ संगठित अपराध और प्रेम जाल जैसी प्रवृत्तियाँ टिक नहीं सकतीं। अपराधी वहीं सफल होते हैं जहाँ सामूहिक जिम्मेदारी कमजोर पड़ जाती है। समाज यदि सतर्क हो, संवेदनशील हो और सहयोगी हो, तो हर बच्ची अपने भीतर यह विश्वास लेकर जीती है कि उसके पीछे पूरा समुदाय खड़ा है। आज की बच्चियों के लिए चलना–फिरना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी डिजिटल सुरक्षा भी है।

प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ल्वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैंङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंल्यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।

धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ल्अनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ल्भारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। रतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है। यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं ल्यह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है। हाल की एक सफलता अमेरिका–भारत सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया।

# धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड

चार्वी अरोड़ा (अमेरिकी राजदूतावास, नई दिल्ली)

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। ल्लएफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है।ङ्क वह कहते हैं। ल्हमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है।

एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं।

प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ल्वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं।ङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंल्यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।

धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ल्अनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ल्भारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है।

यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं ल्यह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है।

हाल की एक सफलता अमेरिका-भारत सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया। भारत के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिसंबर 2025 में इन कॉल सेंटरों को ध्वस्त किया और लगभग 5 करोड़ डॉलर की चोरी के लिए जिम्मेदार आपराधिक सिंडिकेट का नेतृत्व करने वाले छह भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया।

दाऊद कहते हैं, ल्हाल के समय में ऐसी सफलता के कई उदाहरण रहे हैं। यह सब एफबीआई और भारतीय कानून प्रवर्तन के साझेदार के रूप में हाथ मिलाकर काम करने से संभव हुआ है। व्यक्तिगत मामलों से परे, ये प्रयास दीर्घकालिक व्यवधान उत्पन्न करते हैं, आपराधिक पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर करके–वित्तीय चैनलों, डिजिटल अवसंरचना और भर्ती पाइपलाइनों को काटकर जो धोखाधड़ी अभियानों को बनाए रखते हैं। जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण हैसाइबर धोखाधड़ी सभी आयु और पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित करती है। दाऊद बताते हैं कि ल्एक आम गलतफहमी यह है कि साइबर धोखाधड़ी केवल उन लोगों को निशाना बनाती है जो तकनीकी रूप से दक्ष नहीं हैं, लोग अक्सर मानते हैं कि वे कभी ठगी का शिकार नहीं होंगे। ये ठगी मानव मनोविज्ञान का शोषण करती हैं, तकनीकी कमजोरी का नहीं।ङ्क साइबर धोखाधड़ी कोई पीड़ित-विहीन अपराध नहीं है। यह सेवानिवृत्त लोगों, परिवारों और छोटे व्यवसायों को प्रभावित करती है। कई मामलों में भावनात्मक प्रभाव वित्तीय नुकसान के बराबर होता है। दाऊद कहते हैं कि ल्जागरूकता हमारी सबसे मजबूत रक्षा में से एक है, थोड़ी-सी भी सावधानी लोगों को ठगी पहचानने और वित्तीय या भावनात्मक नुकसान से बचने में मदद कर सकती है। ठगी की रिपोर्ट करना भी महत्वपूर्ण है। भले ही धन पहले ही खो गया हो, रिपोर्ट करने से कानून प्रवर्तन को पैटर्न पहचानने और आपराधिक नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिलती है।

प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित होती है और निरंतर सहभागिता यह सुनिश्चित करती है कि जांचकर्ता आपराधिक रणनीतियों से आगे रहें।

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। ल्लएफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है।ङ्क वह कहते हैं। ल्हमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान–प्रदान शामिल है। एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर–सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे–जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं। प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, ल्वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैंङ्क आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैंल्यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है। धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का ल्अनुबंधङ्क भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ल्भारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है।

# भारत की उभरती औद्योगिक शक्ति से घबराई विश्व की महाशक्तियां

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत इस समय दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को सकल घरेलू उत्पाद में लगभग सत्रह प्रतिशत से बढ़ाकर पच्चीस प्रतिशत तक ले जाने की रणनीति बनाई गई है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के बाद जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं चरमरा गई थीं, तब भारत ने इसे अवसर के रूप में देखा और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की। लगभग एक लाख इक्यानवे हजार करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ लागू की गई यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, सोलर मॉड्यूल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस और दूरसंचार उपकरण सहित चौदह क्षेत्रों को कवर करती है। इन योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों को वास्तविक उत्पादन और बिक्री के आधार पर प्रोत्साहन मिलता है, जिससे भारत में निवेश बढ़ा है। सोलर क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और वॉरी एनर्जीज लिमिटेड जैसी कंपनियों ने क्षमता विस्तार किया है। मोबाइल निर्माण में भारत वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादन का बड़ा हिस्सा भारत में स्थानांतरित कर रही हैं। अमेरिका अपनी कंपनियों को दे रहा सब्सिडी, पर भारत के लिए रोक का दबाव इसी बीच अमेरिका ने भारत से आयातित सोलर उपकरणों पर एक सौ छब्बीस प्रतिशत तक का प्रारंभिक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी पक्ष का तर्क है कि भारतीय उद्योग को सरकारी सहायता के कारण अनुचित लाभ मिला है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और चीन जैसे व्यापारिक साझेदारों का कहना है कि इन प्रोत्साहनों से भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों पर अनुचित बढ़त मिलती है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या यह तर्क पूरी तरह निष्पक्ष है? अमेरिका स्वयं 2022 में पारित अपने 'इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट' के तहत हरित ऊर्ज़ा, इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर उद्योग को भारी कर प्रोत्साहन और सब्सिडी दे रहा है। इसके अलावा चिप्स एंड साइंस एक्ट के माध्यम से घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को अरबों डॉलर का समर्थन दिया जा रहा है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा दौर में एक बड़ा विरोधाभास साफ दिखाई देता है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन दरअसल आज भारत की औद्योगिक प्रोत्साहन नीतियों पर सवाल उठा रही हैं, जबकि स्वयं उनकी आर्थिक रणनीतियां लंबे समय से भारी सब्सिडी और संरक्षणवाद पर आधारित रही हैं। भारत की ल्प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिवङ्क यानी पीएलआई योजनाओं और ल्मेक इन इंडिया अभियानङ्क को लेकर जिस तरह का अंतरराष्ट्रीय दबाव आज बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन की बदलती दिशा का सीधा संकेत है।

भारत इस समय दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को सकल घरेलू उत्पाद में लगभग सत्रह प्रतिशत से बढ़ाकर पच्चीस प्रतिशत तक ले जाने की रणनीति बनाई गई है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के बाद जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं चरमरा गई थीं, तब भारत ने इसे अवसर के रूप में देखा और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की। लगभग एक लाख इक्यानवे हजार करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ लागू की गई यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, सोलर मॉड्यूल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस और दूरसंचार उपकरण सहित चौदह क्षेत्रों को कवर करती है। इन योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों को वास्तविक उत्पादन और बिक्री के आधार पर प्रोत्साहन मिलता है, जिससे भारत में निवेश बढ़ा है। सोलर क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और वॉरी एनर्जीज लिमिटेड जैसी कंपनियों ने क्षमता विस्तार किया है। मोबाइल निर्माण में भारत वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादन का बड़ा हिस्सा भारत में स्थानांतरित कर रही हैं।

अमेरिका अपनी कंपनियों को दे रहा सब्सिडी, पर भारत के लिए रोक का दबाव

इसी बीच अमेरिका ने भारत से आयातित सोलर उपकरणों पर एक सौ छब्बीस प्रतिशत तक का प्रारंभिक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी पक्ष का तर्क है कि भारतीय उद्योग को सरकारी सहायता के कारण अनुचित लाभ मिला है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और चीन जैसे व्यापारिक साझेदारों का कहना है कि इन प्रोत्साहनों से भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों पर अनुचित बढ़त मिलती है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या यह तर्क पूरी तरह निष्पक्ष है? अमेरिका स्वयं 2022 में पारित अपने 'इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट' के तहत हरित ऊर्ज़ा, इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर उद्योग को भारी कर प्रोत्साहन और सब्सिडी दे रहा है। इसके अलावा चिप्स एंड साइंस एक्ट के माध्यम से घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को अरबों डॉलर का समर्थन दिया जा रहा है। इन नीतियों में स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता देने की शर्तें भी शामिल हैं। चीन ने भी 2024 में 'अमेरिकी इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट' को विश्व व्यापार संगठन में चुनौती दी थी और आरोप लगाया था कि यह विदेशी उत्पादों के साथ भेदभाव करता है। दूसरी ओर चीन स्वयं लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर उद्योग में व्यापक सरकारी समर्थन देता रहा है। यूरोपीय संघ ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर एंटी सब्सिडी जांच शुरू की और आरोप लगाया कि सरकारी प्रोत्साहनों के कारण चीनी कंपनियों ने वैश्विक बाजार में असंतुलित बढ़त हासिल की। चीन की मेड इन चाइना 2025 जैसी औद्योगिक रणनीति का उद्देश्य भी रणनीतिक क्षेत्रों में प्रभुत्व स्थापित करना रहा है। ऐसे परिदृश्य में भारत की 'पीएलआई' योजनाओं को लेकर उठाई जा रही आपत्तियां स्वाभाविक रूप से दोहरे मानदंड का आभास कराती हैं। चीन ने डब्ल्यूटीओ में भारत की ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र की योजनाओं को चुनौती दी है और आरोप लगाया है कि ये योजनाएं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देती हैं और आयातित सामान को नुकसान पहुंचाती हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय ने इस पर पैनल गठित किया है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि योजनाएं डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं क्योंकि इनमें निर्यात अनिवार्यता नहीं है बल्कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन है। सरकार अपनी योजनाओं का डब्ल्यूटीओ में मजबूती से बचाव करेगी और उनका मानना है कि ये योजनाएं डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं।

ये औद्योगिक राष्ट्रवाद का दौर है आर्थिक नीति के जानकारों में देश की राजधानी में रह रहे रवि रंजन सिंह का मानना है कि ल्वैश्विक स्तर पर औद्योगिक राष्ट्रवाद का दौर लौट आया है। विकसित देश दशकों तक अपनी औद्योगिक नींव को सब्सिडी और संरक्षण के सहारे मजबूत करते रहे, लेकिन जब कोई विकासशील देश उसी मॉडल को अपनाता है तो उसे नियमों की याद दिलाई जाती है।ङ्क उनके अनुसार भारत की योजनाएं प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए हैं, न कि व्यापार विकृति के लिए। रवि रंजन सिंह कहते हैं, ल्मेक इन इंडिया अभियान ने पिछले कुछ वर्षों में ठोस परिणाम दिए हैं। मोबाइल फोन निर्माण में भारत ने उल्लेखनीय छलांग लगाई है। रक्षा निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। सोलर ऊर्ज़ा क्षमता में तेजी से विस्तार हुआ है और भारत वैश्विक नवीकरणीय ऊर्ज़ा निवेश का महत्वपूर्ण गंतव्य बन रहा है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आपूर्ति श्रृंखला में अब भी कुछ महत्वपूर्ण कच्चे माल और घटकों के लिए चीन पर निर्भरता बनी हुई है। फिर भी हम आश्वस्ती के साथ कह सकते हैं कि भारत इन सभी क्षेत्रों में इन दिनों बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

सेहत

# भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है

डॉ. प्रियंका सौरभ

कई परिवारों में यह उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना-यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना पड़ेगा। लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है? क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकल कर युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है।

विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहाँ की पढ़ाई बेहतर है या वहाँ अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है। लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना विकल्प बन जाता है। लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। शिक्षा ऋण, कर्ज और आर्थिक बोझ के बावजूद यह निर्णय केवल इसलिए लिया जाता है क्योंकि इसे सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ दिया गया है।

सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं- खूबसूरत शहर, शानदार जीवनशैली, घूमना-फिरना, नए अनुभव। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। विदेश में जीवन आसान नहीं होता। वहाँ भी कठिन परिश्रम करना पड़ता है, अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और कई बार ऐसे काम भी करने पड़ते हैं जिनकी कल्पना भारत में रहते हुए नहीं की जाती। लेकिन यह सच्चाई अक्सर तस्वीरों और वीडियो के पीछे छिप जाती है।

समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं। लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका युवा वर्ग है। आज का युवा पहले से अधिक जागरूक, शिक्षित और तकनीक से जुड़ा हुआ है। स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। डिजिटल युग में अवसरों की सीमाएँ पहले जैसी नहीं रहीं। आज भारत में बैठकर भी दुनिया के साथ काम किया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि हम अपने बच्चों को सक्षम बनाएं। उन्हें ऐसी शिक्षा दें जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए, उनमें कौशल विकसित करे और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दे। अगर युवा योग्य होंगे तो उन्हें अवसर कहीं भी मिल सकते हैं- भारत में भी और विदेश में भी। लेकिन यदि केवल स्थान बदलने से सफलता की उम्मीद की जाएगी, तो यह सोच लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी। समाज को भी अपनी सोच पर विचार करने की आवश्यकता है। विदेश जाना न तो असंभव उपलब्धि है और न ही सफलता का एकमात्र रास्ता। उसी तरह भारत में रहना असफलता नहीं है।

# विधायक के निरीक्षण में शिक्षक अनुपस्थित, प्रधानाध्यापक निलंबित

• शिक्षामित्र को सेवा समाप्ति नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** 131 कटरा से विधायक डा वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बोझी (विकास खंड करान) का निरीक्षण किया। दोपहर करीब 12.45 बजे विद्यालय में कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं मिला। इसकी सूचना विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. अनस से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक अक्सर देर से आते हैं और कई बार बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं, जिससे बच्चे स्कूल में इधर-उधर घूमते रहते हैं। इसे बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार के प्रति लापरवाही माना गया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर मो. अनस, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय बोझी को बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 व सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें ब्लॉक संसाधन केंद्र मिर्जापुर से संबद्ध किया गया है तथा उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में तरन्नुम शाहीन, शिक्षामित्र, पीएम श्री विद्यालय खुटार नंबर-1 को 21 जून 2025 से लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बच्चों की पढ़ाई व सुरक्षा से समझौता करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जुआ खेलते 4 गिरफ्तार, 3.98 लाख रुपये और 16 बाइक सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से करीब 3 लाख 98 हजार 300 रुपये नकद, ताश की गड्डी, चार मोबाइल फोन और 16 मोटरसाइकिल बरामद कर सीज की हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। 27 फरवरी को शाम करीब 5.40 बजे पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मानपुर चचरी जंगल के पास छापा मारा गया। वहां चार लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले। गिरफ्तार अभियुक्तों में दिनेश यादव (40) निवासी मुकरमपुर रहीमपुर, मोहम्मद जैन (30) निवासी लोधीपुर, दिनेश मौर्या (46) निवासी रोशनगंज और कल्लू उर्फ आरिफ (55) निवासी सिसोरा नासिर, जिला लखीमपुर खीरी शामिल हैं। पुलिस को मौके से एक प्लास्टिक के कट्टे में 3,11,500 रुपये (माल फड़) तथा तलाशी में चारों के पास से कुल 86,800 रुपये मिले। इसके अलावा 52 ताश के पत्ते, तीन एंड्रॉयड और एक कीपैड मोबाइल भी बरामद हुआ। मौके पर खड़ी 16 मोटरसाइकिलों को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 के तहत सीज किया गया। इस मामले में थाना रोजा में मुकदमा अपराध जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## होली पर 4 मार्च को शराब व भांग की सभी दुकानें रहेंगी बंद

**शाहजहांपुर।** जनपद में होली का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की धारा 59 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च को पूरे दिन जनपद की सभी देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें, सीएल-2, एफएल-2/2बी, थोक अनुज्ञापन, एमए-4, एफएल-6 (16/17) तथा आसवनी पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल (मुआवजा) देय नहीं होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# पर्यावरण जागरूकता संवाद व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** विकासार्थ विद्यार्थी की ओर से सुबह शहर के विशुंदयाल इंटर कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता संवादएवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय जलवायु परिवर्तन, सतत विकास एवं युवा दायित्व रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव और सतत विकास के महत्व के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रांत सह संयोजक आयुष्मान चैहान ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक, खासकर युवाओं का कर्तव्य है। उन्होंने बढ़ते तापमान, अनियमित बारिश और प्राकृतिक आपदाओं पर चिंता जताई और अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक के उपयोग कम करने तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि सतत विकास का मतलब है वर्तमान की जरूरतें पूरी करते हुए आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करना। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही उज्ज्वल भविष्य संभव है। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण किया गया और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, अंकित कुमार, योगेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में होली की धूम, बच्चों ने गुरुजनों को लगाया अबीर-गुलाल



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** परिषदीय विद्यालयों में होली अवकाश से पूर्व बच्चों में उत्साह देखते ही बना। रविवार अवकाश होने तथा सोमवार से 5 मार्च तक होली अवकाश घोषित होने के कारण विद्यालयों में अंतिम शिक्षण दिवस पर बच्चों ने अपने गुरुजनों के साथ जमकर होली का उत्सव मनाया। अब विद्यालय 6 मार्च को पुनः खुलेंगे। सुबह से ही छात्र-छात्राएं उत्सव के मूड में नजर आए, हालांकि शिक्षकों ने अनुशासन बनाए रखते हुए स्पष्ट किया कि रंग खेलने की अनुमति केवल अवकाश समय के बाद ही दी जाएगी। विद्यालय समय समाप्त होते ही बच्चों ने अबीर-गुलाल की बौछार शुरू कर दी। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाने के साथ अपने गुरुजनों को भी गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। कुछ ही देर में विद्यालय परिसर रंग-बिरंगा हो उठा और हर ओर हंसी-खुशी का माहौल बन गया। अंत में सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित व आनंदमय पर्व मनाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

## डिप्टी व असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पदों पर चयन

**शाहजहांपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह ने बताया कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायालय में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के अंतर्गत डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल और असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद पर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे और 17 दिसंबर 2025 को अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जनपद स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के बाद राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 9 फरवरी को चयनित अभ्यर्थियों के नामों को अनुमोदित कर दिया। डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद पर मुकेश कुमार गुप्ता (पुत्र हरिशरण गुप्ता) का चयन हुआ है। प्रतीक्षा सूची में नीरज कुमार पाठक (पुत्र सत्यप्रकाश पाठक) और सत्यवीर वर्मा (पुत्र बलवन्त) शामिल हैं। असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद पर प्रीति मिश्रा (पत्नी विकास मिश्रा) का चयन किया गया है। प्रतीक्षा सूची में अभिषेक शंखधार (पुत्र शिवपुजन शंखधार) और अक्षय यादव (पुत्र आमेन्द्र सिंह) के नाम शामिल हैं।

## रॉन्ग साइड से आई दो ट्रैक्टर-ट्रालियों ने कार में मारी टक्कर

**शाहजहांपुर।** जिले में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पुवायां क्षेत्र के ढकिया मोड़ ओवरब्रिज के पास रॉन्ग साइड से आ रही दो ट्रैक्टर-ट्रालियों ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पेस्टीसाइड कंपनी के फील्ड ऑफिसर संजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। संजीत सिंह मूल रूप से लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के परसर गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में वह शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर में परिवार के साथ रहते हैं और एक पेस्टीसाइड कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि संजीत शुक्रवार को अपने पैतृक गांव से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार ढकिया मोड़ ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी गलत दिशा से आ रही दो ट्रैक्टर-ट्रालियों ने कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद संजीत कार में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर उनकी पत्नी निशांती भी अस्पताल पहुंच गईं। टक्कर मारने के बाद दोनों ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## जनपद को टॉप-5 में लाने का लक्ष्य, सभी शिक्षक-अधिकारी पूरी निष्ठा से करें काम: बीएसए



**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) दिव्या गुप्ता ने कहा है कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों को प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी अधिकारियों और शिक्षकों को पूरी निष्ठा और टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बेसिक शिक्षा परिवार को होली की शुभकामनाएं भी दीं। बीएसए ने निर्देश दिया कि 5 मार्च से पहले सभी विद्यालयों में बालिका शौचालय पूरी तरह साफ-सुथरे हों और उनकी फोटो प्रेरणा ऐप पर अपलोड की जाए। उन्होंने बताया कि कंपोजिट ग्रांट सभी विद्यालयों को मिल चुकी है, इसलिए उसका समय से उपयोग किया जाए। शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निपुण लक्ष्य ऐप का नया वर्जन डाउनलोड कर रोज कम से कम पांच बच्चों का आकलन किया जाए। कक्षा 1 से 3 तक भाषा और गणित की पढ़ाई शिक्षक संदर्शिका के अनुसार कराई जाए और शिक्षक डायरी नियमित भरी जाए। उन्होंने कहा कि कक्षा में प्रिंट रिच सामग्री लगाई जाए तथा गणित और विज्ञान किट का सही उपयोग हो। तय तिथि पर पीटीएम और एसएमसी बैठक कर अभिभावकों को बच्चों की प्रगति की जानकारी दी जाए। बीएसए ने छात्र उपस्थिति और एमडीएम पंजिका का डिजिटलीकरण जल्द पूरा करने, पिंक और ब्लू आयरन गोलियों के वितरण का रिकॉर्ड रखने और कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यू-डायस पोर्टल पर अपार आईडी बनवाने और ह्यप्रशस्त-02ह्ण ऐप से दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग कराने को भी कहा। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा से पहले पूरा पाठ्यक्रम समाप्त कराया जाए और सभी विभागीय कार्य समय से पूरे किए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि रखकर काम करें, ताकि जनपद को प्रदेश के टॉप-5 में स्थान दिलाया जा सकेगा।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मिर्जापुर(शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर ढाई के गांव दरियागंज मेंएक युवक का शव पाकड़ के पेड़ से लटका मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाया। जांच के दौरान युवक के दाहिने हाथ पर ह्यसंजय कुमारह्ण नाम लिखा मिला, जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पहचान के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# बोधगया में आस्था और दया की विरासत पर बोले डॉ. परविंदर सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** बोधगया स्थित वर्ल्ड बुद्धिस्ट फेडरेशन ट्रस्ट के प्रेसिडेंट डॉ. परविंदर सिंह ने कहा कि बौद्ध धर्म की जन्मभूमि आज भी विश्व का स्थायी आध्यात्मिक केंद्र है, जो दुनिया भर से लाखों श्रद्धालुओं और शांति के खोजियों को आकर्षित करता है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 29 से अधिक देशों से श्रद्धालु विशेष रूप से उस पवित्र स्थल पर पहुँचते हैं, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। डॉ. सिंह ने कहा कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के बढ़ते दायरे के बीच पर्यटन उद्योग के विस्तार से कुछ व्यावसायिक हलकों में भ्रम की स्थिति बनी है। विशेषकर बोधगया और आसपास बने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध मंदिरों की भूमिका, उद्देश्य और कानूनी स्थिति को लेकर सवाल उठाए गए हैं। हाल ही में एक वैश्विक समाचार टीम द्वारा किए गए सर्वे में इन अंतरराष्ट्रीय मंदिरों के महत्व को रेखांकित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ये संस्थाएँ केवल धार्मिक स्थल नहीं बल्कि शिक्षा, करुणा और सांस्कृतिक संवाद के केंद्र के रूप में कार्य करती हैं। भारत में बौद्ध संस्थाएँ लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, परोपकार, तीर्थयात्रा और सांस्कृतिक पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सहयोग देती रही हैं। सर्वे में शामिल स्थानीय नागरिकों, समुदाय प्रतिनिधियों और भिक्षुओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंदिर सद्भावना के दूत के रूप में कार्य करते हैं और भारत की छवि को शांति, सहिष्णुता और आध्यात्मिक ज्ञान की धरती के रूप में मजबूत करते हैं। कई मंदिर निःशुल्क भोजन, आवास और ध्यान प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं, साथ ही पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में भी योगदान देते हैं। डॉ. परविंदर सिंह ने जोर देकर कहा कि इन संस्थाओं को केवल व्यावसायिक दृष्टि से देखना उनके आध्यात्मिक अधिकारों और सामाजिक योगदान को कमतर आंकना होगा। उन्होंने नीति-निर्माताओं से आग्रह किया कि ऐसी नीतियाँ बनाई जाएँ जो इन मंदिरों की सांस्कृतिक विरासत और मानवीय सहयोगी के रूप में संरक्षित और प्रोत्साहित करें। उन्होंने अंत में कहा कि जिस धरती पर भगवान बुद्ध ने करुणा और ज्ञान का संदेश दिया, वहाँ आज भी आस्था और दया की साँसें मानवता को दिशा दे रही हैं।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता विजयी छात्राओं को किया गया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में ह्यविज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करनाह्ण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों को विज्ञान दिवस का महत्व बताया गया और विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अंशिका मौर्य ने प्रथम, रोली ने द्वितीय और मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रीना, कोमल, शांति, सोहनी और सोनी मौर्य को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रुफिया खान ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन महान वैज्ञानिक सी.वी.रमन द्वारा वर्ष 1928 में ह्यरमन प्रभावह्ण की खोज के सम्मान में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम विकसित भारत के निर्माण में महिला वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के योगदान पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गणित जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक अंजित गौतम, अरुण पाल और शाफिया अमीन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

## होली शांति से मनाने को थाने में पीस कमेटी की बैठक



**जैतीपुर(शाहजहांपुर)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए, थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज ने की। बैठक में एसडीएम सदानंद सरोज और सीओ ज्योति यादव ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह, विवाद या अवांछित गतिविधि से दूर रहें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। एसडीएम ने पीस कमेटी के सदस्यों से क्षेत्र की समस्याएं भी जानीं। कुछ लोगों द्वारा समस्याएं बताने पर उन्होंने पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गयाराम यादव, राजीव मिश्रा, अनूप मिश्रा, शिवसरन वर्मा, सोनू गुप्ता, ऋषिपाल कश्यप, श्याम बिहारी, विजय कश्यप, शाकिर अली, उस्मान अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गुरु कृपा से ही होता है ईश्वर दर्शन: संत विजय कौशल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** मुमुक्षु आश्रम में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथाव्यास संत विजय कौशल महाराज ने राम जन्म और भगवान की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बिना गुरु के इस संसार रूपी सागर को पार करना संभव नहीं है। गुरु की कृपा से ही ईश्वर के दर्शन होते हैं।

कथा के दौरान उन्होंने बताया कि कैलाश पर विराजमान भगवान शिव ने माता पार्वती को प्रभु की लीलाओं का वर्णन किया। पार्वती जी की इच्छा पर शिवजी उन्हें लेकर ब्रजधाम पहुंचे और वेश बदलकर भगवान कृष्ण की रासलीला में शामिल हुए। जैसे ही श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाई, शिवजी भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे। इस प्रसंग के माध्यम से संत विजय कौशल ने बताया कि भगवान की लीलाएं भक्तों को प्रेम और भक्ति से जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि कथा केवल मनोरंजन के लिए नहीं होती, बल्कि मन और चरित्र को पवित्र करने का माध्यम है। भगवान के नाम का स्मरण ही कलयुग में सबसे बड़ा सहारा है ह्यकलयुग केवल नाम अधारा, सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पाराह्णकथाव्यास ने आगे बताया कि राम जन्म के बाद राजा दशरथ ने पूरे अवध में उत्सव मनाया और मिठाइयां बंटवाईं। बाद में विधि-विधान से चारों राजकुमारों का नामकरण हुआ। इसी दौरान राक्षसों के अत्याचार बढ़ने पर गुरु विश्वामित्र अयोध्या पहुंचे और भगवान राम को अपने साथ आश्रम ले गए। उन्होंने गंगा तट पर राम को गंगा मैया की महिमा भी बताई। इस प्रसंग के माध्यम से संत ने गुरु की महिमा का महत्व समझाया। कथा मंच पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती सहित कई संत महात्मा उपस्थित रहे और भक्तों को आशीर्वाद दिया। कथा श्रवण के लिए राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार, लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कथा प्रारंभ से पूर्व व्यासपीठ का पूजन किया गया और समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# पुलिस ने दो करोड़ की चोरी का किया खुलासा

- दामाद ने पत्नी,सास ससुर को नशीला पदार्थ देकर की थी दो करोड़ की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नहटौर।** पैसों के खातिर रिश्तों के भरोसे को झकझोर देने वाली घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है । जहां ससुराल में घर-जमाई बनकर रह रहे युवक ने अपने सास, ससुर और पत्नी को नशीला पदार्थ देकर घर में रखी नगदी व भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे । घटना से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई थी । पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर उनसे नकदी,जेवरात, नशीली गोलियां और वारदात में मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने पीड़ित संतोष कुमार वर्मा निवासी नहटौर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरी के खुलासे के लिए टीमें गठित की थी।

शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रकाश कुमार ने बताया कि 26 फरवरी को संतोष कुमार वर्मा निवासी 136 डाकखाना जनूबी कस्बा व थाना नहटौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका दामाद नवीन चौहान निवासी ग्राम कुम्हारपुरा, थाना हल्दौर उसे उनकी पत्नी एवं पुत्री को भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर घर में रखे लगभग 900 ग्राम सोने के जेवरात एवं लगभग 40 किलोग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नहटौर पर मुकदमा दर्ज किया गया तथा घटना के अनावरण व अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। 28 फरवरी को नहटौर पुलिस को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी का अभियुक्त नवीन चौहान अपने साथियों के साथ हल्दौर से हरिद्वार की ओर जाने वाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नहटौर पुलिस द्वारा जनपदीय स्वाट टीम एवं सर्विलांस टीम की सहायता से थाना नहटौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेगराजपुर अड्डा से अभियुक्त नवीन चौहान को उसके 2 साथियों शिवम चौहान व कुणाल को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.173 किलोग्राम पीली धातु के जेवरात,एक पीली धातु का बिस्किट (50 ग्राम),1 पीली धातु का सिक्का (10 ग्राम) ,2 लाख 80 हजार रुपये की नगदी व 2 लाख 50 हजार रुपयों की 2 बैंक डिपॉजिट पर्ची घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की । पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान प्रकाश में आए एक अन्य साथी ज्वैलर शिवम सैनी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पुरैना थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को स्वाट व सर्विलांस टीम की सहायता से ग्राम तरकोला रोड से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 23.5 किलोग्राम चांदी (जिसे गलवाकर सिल्ली के रूप में परिवर्तित कर लिया गया था, बरामद की गई।


चोरी का खुलासा करते अधिकारी

आरोपी नवीन चौहान ने पूछताछ में बताया कि उसका विवाह 8 अक्टूबर 2024 में स्वाति वर्मा पुत्री संतोष कुमार वर्मा से हुआ था। वह अपनी ससुराल में घर-जमाई के रूप में रह रहा था तथा अपने ससुर से ज्वेलरी का कार्य सीख रहा था। ससुराल में रहते हुए उसे यह जानकारी हो गई थी कि जेवरात किस अलमारी में रखे हैं तथा उनकी चाबी तकिये के नीचे रखी जाती है। आरोपी के अनुसार, ससुर द्वारा संपत्ति अन्य रिश्तेदारों के नाम करने की चर्चा से वह असंतुष्ट था। इसी लालचवश उसने अपने भाई कुनाल व मित्र शिवम चौहान के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। उसने नशीली 2 एमजी की गोलियां खरीदीं। 25 फरवरी की शाम चाय में नशीली गोलियां मिलाकर अपने सास, ससुर एवं पत्नी को पिला दी, जिससे वे गहरी नींद में सो गए। उसके बाद उसने चाबी लेकर अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात निकालकर बैग में रख लिये और पूर्व नियोजित योजना के अनुसार शिवम चौहान को बुलाकर मोटरसाइकिल से हल्दौर की ओर निकल गया। अगले दिन वह अपने भाई कुनाल व मित्र शिवम चौहान के साथ नूरपुर क्षेत्र में सुधांशु भारद्वाज के माध्यम से ज्वैलर शिवम सैनी से मिला। आरोपी ने ज्वैलर्स को स्पष्ट बताया कि चांदी के जेवरात चोरी के हैं। लगभग 23.5 किलोग्राम चांदी के जेवरात 23 लाख रुपये में बेचने का सौदा तय हुआ, जिसमें से 5 लाख 30 हजार रुपये नकद, 50 ग्राम का सोने का बिस्किट व 10 ग्राम का सोने का सिक्का अग्रिम रूप में प्राप्त हुए। शेष धनराशि बाद में देना तय हुआ। प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया। आरोपी नवीन चौहान ने स्वीकार किया कि बरामद सोने के जेवरात वही हैं जो उसने अपने ससुर के घर से चोरी किए थे तथा पुलिस से बचने के लिए अपने साथियों के साथ हरिद्वार जाने की तैयारी में था, तभी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध नहटौर विपिन कुमार, प्रभारी सर्विलांस टीम ,सतेन्द्र कुमार,उप निरीक्षक सुनील कुमार स्वाट टीम,उप निरीक्षक मीर हसन ,हिमांशी गोस्वामी,उप निरीक्षक भारत सिंह थाना नहटौर,उप निरीक्षक संयम यादव थाना नहटौर,उप निरीक्षक शौकत अली स्वाट टीम,हैड कांस्टेबल जोगेन्द्र सिंह,कांस्टेबल विशाल थाना नहटौर, मोनू स्वा टीम,अनील कुमार, दिलशाद चौधरी, दीपक जावला, विशाल तोमर,हैड कांस्टेबल नहटौर दीपक राणा ,कुशलपाल, नवीन कुमार आदि शामिल रहे ।

## जिला कारागार में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित, बंदियों को दी गई जागरूकता

**शाहजहांपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जिला कारागार में बंदियों के लिए नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के मेडिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. रोहताश ने बंदियों को नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला और नशामुक्त जीवन अपनाने की सलाह दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरविन्द कुमार ने अपने संबोधन में बंदियों से नशे से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. अनुभव, कारापाल अनिल कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जेल अधीक्षक ने बंदियों से अपील की कि वे नशे को ह्लनाह्व कहें और स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाकर देश के निर्माण में सहयोग करें। कार्यक्रम के माध्यम से बंदियों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर जीवन की दिशा में आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## 3 मार्च को होली पर सार्वजनिक अवकाश

**शाहजहांपुर।** होली पर्व के अवसर पर 3 मार्च (मंगलवार) को जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अंतर्गत रहेगा। इस दिन जिले के सभी सरकारी कार्यालय, बैंक, कोषागार और संस्थान बंद रहेंगे। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा पूर्व में 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को होली का राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया था। अब 3 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## राणा शुगर मिल में किसान गोष्ठी, पांच सौ किसान शामिल

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद के राणा शुगर मिल करीमगंज के अंतर्गत गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करने हेतु, गन्ना विकास विभाग द्वारा हरपाल सिंह, उप गन्ना आयुक्त के पर्यवेक्षण में तथा जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य के निर्देशन में राणा शुगर मिल करीमगंज के सहयोग से एक वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ कृषकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना समिति रामपुर के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने की। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने उपस्थित कृषकों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधि, उन्नत प्रजातियों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, 1500 कुंतल प्रति हेक्टेयर लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति एवं रैटून प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। गोष्ठी में राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष अमर शर्मा, उप महाप्रबंधक सतवीर सिंह, सचिव गन्ना समिति रामपुर, अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं मिल प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में उन्नत एवं अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजातियों का चयन समय से बसंत कालीन बुवाई एवं कतार विधि पर बल संतुलित उर्वरक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का समुचित प्रयोग रैटून फसल की वैज्ञानिक देखभाल कीट एवं रोग नियंत्रण की समन्वित रणनीति विभाग एवं मिल के समन्वय से कृषक आय में वृद्धि पर चर्चा हुई अंत में गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे विवेक पांडे ने कृषकों से अपील की कि वे विभागीय निदेर्शों का पालन करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन एवं आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। मिल प्रशासन द्वारा कृषकों को हर संभव तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।कार्यक्रम का संचालन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया तथा अंत में सभी उपस्थित कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## कार्यकर्ता मेहनत के साथ करें बूथों का गठन: दिनेश गौतम




**रामपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार 37 नगर विधानसभा के ग्राम कल्याणपुर पट्टी के बूथ संख्या 399, 401 की बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने कहा कि कुमारी मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए बूथ कमेटियों का गठन ईमानदारी से करना होगा। उन्होंने कहा कि बसपा के शासनकाल में विकास की गंगा बही थी।

प्रदेश का हर वर्ग खुश था परंतु परेशान आज हर व्यक्ति है। कार्यकर्ता हर बूथ पर जाएं। बसपा शासन काल में हुए विकास कार्यों को बताएं। इस अवसर पर मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी रणविजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि बसपा से हर वर्ग तेजी के साथ जुड़ रहा है आने वाले समय में 2027 में बसपा सरकार बनाई गई कार्यकर्ता हताश, निराश ना हो। मेहनत के साथ बूथों का गठन करें। जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम जिला ने कहा कि 2027 में बहुजन समाज पार्टी मजबूत करके मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर हबीबुल रहमान, नवनीत यदुवंशी, राजेश प्रकाश सैनी, राकेश सागर, बांकेलाल सागर, राजपाल गौतम, प्रमोद सागर, मुकेश सागर आदि मौजूद रहे।

## केमिकल वाले रंगों का सेहत पर पड़ सकता है बुरा प्रभाव


**रामपुर।** होली पर बाजार में आने वाले कई रंग हानिकारक केमिकल युक्त होते है। इससे त्वचा के साथ बालों, आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। केमिकल युक्त रंगों से त्वचा संबंधी एलर्जी और लाल चकत्ते हो जाते है। त्वचा पर रंग को रगड़कर मलने से त्वचा नुकसान पहुंचता है। रंग खेलने के बाद स्नान करके त्वचा पर पेट्रोलियम जेली या नारियल का तेल लगाना चाहिए। बेहतर है कि हर पर तैयार हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें।

जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शम्मी कपूर ने बताया कि रंग खेलते समय सन ग्लास लगाए। इससे आंखों में रंग डालने से बचा जा सकता है। आंखों में रंग चला जाए तो उसे रगड़े नहीं। पानी की छींटे मारकर धोएं। आराम न मिलने पर डॉक्टर की सलाह लें। होली खेलते समय कांटेक्ट लैंस लगाने से बचें। लेंस में चिपका रंग इंफेक्शन पैदा कर सकता है। आंखों में रंग चले जाने पर जलन हो और आंखों से पानी आने लगे तो डॉक्टर की सलाह लें। रंग खेलने से पहले चेहरे व हाथों पर सनस्क्रीन लगाएं। रंग छुड़ाते वक्त साबुन का इस्तेमाल करने के स्थान पर कम पीएच लेवल वाले सिंथेटिक डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। रंग निकालने के लिए मस्लिन क्लोथ का उपयोग करें। त्वचा पर जलन हो तो खीरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। जलन से छुटकारा पाने के लिए फ्रिज में रखे आने के टुकड़े व टी बैग्स का उपयोग करें। केमिकल युक्त रंगों से बालों को बचाने के लिए रंग खेलने से पहले बालों में नारियल तेल लगाएं। सबसे बेहतर तरीका है कि विग पहन लें या कैप लगाकर रखे। रंग खेलने के बाद बालों में शैंपू जरूर करें, कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

# त्यौहार को लेकर पुलिस सतर्क

- परिजनों में कोहराम, पति समेत चार पर मुकदमा, दो गिरफ्तार

**किरतपुर।** आगामी त्यौहार व रमजान को लेकर पुलिस सतर्क मोड पर दिखाई द्वारा रही है। थाना प्रभारी ने थाना पुलिस बल के साथ नगर मे फ्लैग मार्च निकालकर जनता के मन मे सुरक्षा का भाव जागृत किया। आगामी त्यौहार होली व रमजान माहा को लेकर पुलिस सतर्क मोड और दिखाई दे रही है।




शनिवार शाम को थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने क्राइम इंस्पेक्टर पवन कुमार शर्मा व शहर इंचार्ज दीपक नागर से सयुक्त रूप से थाना पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला जो थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर गौरी की मंडी, जैन चौक,सरार्फा बाजार से होता हुआ रामलीला चौक पहुंचा वहां से बाल्मीकि बस्ती,मोहल्ला सिंघड़ियाँ, होली वाले कुएं से मोहोल्ला महाजनान से होता हुआ वापस थाना प्रांगण में जाकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च निकालने से जनता के मन में सुरक्षा का भाव जागृत हुआ। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने फ्लैग मार्च के दौरान स्पष्ट किया कि आगामी त्यौहार होली में रमजान माह के मद्देनजर कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। कोई भी शरारती तक शरारत करने की कोशिश ना करें अन्यथा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी अपील की है कि नगर में किसी भी व्यक्ति को अगर किसी व्यक्ति द्वारा शांति भंग करने जैसी कोई घटना या कोई शरारत करते हुए देखता है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। फ्लैग मार्च करने वालों में मुख्य रूप से कपिल चौधरी, सचिन मलिक,सहदेव, गौरव, गौतम, रूपक मालिक आदि थाना पुलिस बल मौजूद रहा।---

## रूपाली ने पीएचडी उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया नगर का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**झालू/बिजनौर।** कस्बा झालू की होनहार बेटी रूपाली वर्मा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। रूपाली वर्मा पुत्री मुकेश वर्मा ने गृहविज्ञान विषय के अंतर्गत फूड्स एंड न्यूट्रीशन विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने वर्ष 2018 में आरबीडी कॉलेज, बिजनौर से एम.एससी उत्तीर्ण की थी। इसके बाद वर्ष 2019 में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया।लगातार परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर रूपाली वर्मा ने जनवरी,फरवरी 2026 में वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, गजरौला से अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनका शोध कार्य डॉ. नीलू सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रूपाली वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया।रूपाली के पिता मुकेश वर्मा ने कहा कि उनकी बेटी की यह सफलता क्षेत्र की छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश देगी।



## एसआईआर कार्य में लापरवाही पर बीएलओ निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विधानसभा क्षेत्र 132 जलालाबाद में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर बूथ संख्या 107 (प्राथमिक विद्यालय भर्रामई चाँदपुर) पर तैनात बीएलओ मानवेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी जलालाबाद द्वारा दी गई सूचना के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित बीएलओ बूथ पर अनुपस्थित थे। मोबाइल पर संपर्क करने पर उन्होंने अपने गृह जनपद फरुर्खाबाद जाने की बात कही और बूथ पर आने से मना कर दिया, जबकि बूथ पर 73 मतदाताओं का कार्य शेष था। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि बीएलओ द्वारा एसआईआर कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ। इसे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर उदासीनता माना गया है। मामले में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत अभियोग दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध पाए जाने पर मानवेन्द्र सिंह को उ०प्र० बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 तथा सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के तहत निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि में उन्हें अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कार्यालय, शाहजहाँपुर से संबद्ध किया गया है।

## एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्योहारा।** एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदाफल (स्योहारा) में रंगों के पर्व होली को उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक वातावरण के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक राधा-कृष्ण स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की।




इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रुचि सिंह ने होली पर्व के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेम, सद्भावना और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं भी दीं।विद्यालय के मैनेजर निखिल कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं चेयरमैन पवन सिंह ने स्कूल परिवार, क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी से सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने मिलकर उत्साहपूर्वक होली उत्सव मनाया। रंग, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पूरा परिसर उत्सवी माहौल में सराबोर रहा। आयोजन ने भारतीय परंपरा, एकता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर संदेश दिया।

# होली व बड़े-छोटे लाट साहब जुलूस को लेकर प्रशासन सतर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** आगामी होली पर्व और बड़े लाट छोटे लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इस संबंध में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चैधरी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय कुमार साहनी (आईजी), जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जुलूस आयोजकों, एसपीओ, पीस कमेटी के सदस्यों और संभ्रांत नागरिकों के साथ कानून-व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा की। मंडलायुक्त ने कहा कि बैठक में उठाई गई समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से होली और जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। आईजी ने स्पष्ट किया कि जुलूस में गड़बड़ी या तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। ईंट-पत्थर फेंकने वाले शरारती तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें जिला बदर भी किया जाएगा। जुलूस मार्गों की ड्रोन से निगरानी कराई जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में उठे सभी मुद्दों को अधिकारियों ने नोट कर लिया है और उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। बैठक के बाद मंडलायुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने केरूगंज से जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।



## होली शांति से मनाने को प्रशासन अलर्ट डीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक

**शाहजहांपुर।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मोहल्ला किला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस आयोजकों, सभासदों, संभ्रांत नागरिकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया तथा प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।



जिलाधिकारी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का पर्व है। सभी लोग इसे मिल-जुलकर शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि होली को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में नगर आयुक्त डॉ.विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे। सभी ने होली आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टरफाइनल पर

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने




केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छी गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच (पाकिस्तान के खिलाफ) खेला है। वरुण और कुलदीप दोनों ने अपने आईपीएल करियर के अधिकतर मैच कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से इसी मैदान पर खेले हैं और वे यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। चक्रवर्ती ने हालांकि यहां अधिक मैच खेले हैं। एक और चिंता ऑलराउंडर शिवम दुबे का गेंदबाजी में अनियमित प्रदर्शन है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दुबे ने सिर्फ दो ओवरों में 46 रन लुटाए, जिसमें 10 गेंदों के एक ओवर में चार वाइड और दो नोबॉल शामिल थीं।

# मजबूत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान का सकारारत्मक अंत करने उतरेगा जोशीला जिम्बाब्वे

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए। रजा को पता है कि वे बड़ी टीमों से तभी मुकाबला कर सकते हैं जब वे तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन करें। रजा ने कहा, ''विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ आपको अपने तीनों विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दुर्भाग्य से अगर एक भी विभाग कमजोर पड़ता है तो मैच आपके हाथ से खिसक जाता है। उम्मीद है की आखिरी मैच में हम तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। जिम्बाब्वे कि गेंदबाजों ने पिछले दो मैच में काफी ढीली गेंदें फेंकी। उन्हें उसी अनुशासन के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है जैसा उन्होंने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ किया था। ग्रुप चरण में वह श्रीलंका की धीमी पिचों पर अजेय रहा, लेकिन बल्लेबाजी के लिए अनुकूल भारतीय परिस्थितियों में गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो जाती है, जैसा कि उसने मुंबई और चेन्नई में की। बल्लेबाजी की बात करें तो ब्रायन बेनेट और तादिवानाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी को पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाना होगा। टूर्नामेंट में अब तक आउट नहीं होने वाले बेनेट ने भारत के खिलाफ यह साबित कर दिया कि वे छक्के भी लगा सकते हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने छक्के लगाने का कोई न कोई तरीका ढूंढना होगा। मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी (प्रत्येक ने 11 विकेट लिए) अब तक दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, कॉर्बिन बॉश और मुख्य स्पिनर केशव महाराज ने उनका बखूबी साथ दिया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष तीन बल्लेबाज कप्तान एडन मार्क्रम, क्विंटन डीकॉक और रयान रिकेल्टन बेहतरीन फॉर्म में हैं। रजा और उनकी टीम को उन्हें रोकने के लिए गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस सहित मध्य क्रम ने भी सुपर आठ में अपना प्रभाव दिखाया है। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अब तक केवल अहमदाबाद और दिल्ली में ही मैच खेले हैं। दिल्ली में पांच मैचों में से केवल एक बार ही 200 रन का आंकड़ा पार हुआ है, जब भारत ने नामीबिया के खिलाफ 209 रन बनाए थे।

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन

एजेंसी

हुबली। जम्मू-कश्मीर की टीम ने आज नया इतिहास रच दिया। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नये रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2.10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गये। लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला



फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी। लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल नाबाद 160 और साहिल लूथरा ने नाबाद 101 रन बनाये।

# तीसरे वनडे में बल्लेबाजी की कमजोरी को दूर करना होगा भारतीय महिला टीम को

एजेंसी

होबार्ट। पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है। पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय




टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है। पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच के बाद कहा, ''निश्चित रूप से हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने फिर से वही गलतियां दोहराई और विकेट गंवाए। इससे हम पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाए। पिछले दो मैच में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए और उसका हमें खामियाजा भुगतना पड़ा। उम्मीद है अगले मैच में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत की गेंदबाजी में भी निरंतरता की कमी दिखी। दीप्ति ने तीन विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने पहले मैच में दो विकेट लिए थे, लेकिन दूसरे मैच में वह काफी महंगी साबित हुईं। काशवी गौतम और क्रांति गौड़ की तेज गेंदबाजी जोड़ी को अधिक निरंतरता दिखानी होगी और पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया को हावी होने से रोकने के लिए शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी लवलीना और निकहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारत ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के अनुसार एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए चुना जाएगा। इससे इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का महत्व बढ़ गया है। स्पेन में हाल ही में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली लवलीना (75 किग्रा) महिला टीम की अगुवाई करेंगी। स्पेन में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य खिलाड़ियों प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम में शामिल हैं। महिला वर्ग में अन्य खिलाड़ियों में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता निकहत ज़रीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) को टीम में जगह दी गई है। पुरुषों के वर्ग में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सचिन (60 किग्रा) टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आकाश (75 किग्रा) भी शामिल हैं, जिन्होंने स्पेन में स्वर्ण पदक जीता था। स्पेन में रजत पदक जीतने वाले दीपक (70 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) तथा स्पेन में कांस्य पदक विजेता और विश्व मुक्केबाजी फाइनल के रजत पदक



विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''एशियाई चैंपियनशिप में हमेशा आपके कौशल और निरंतरता की अच्छी परीक्षा होती है। हमारा ध्यान ऐसे मुक्केबाजों के चयन पर रहा है जिन्होंने अच्छी फॉर्म, अनुशासन और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता दिखाई है। हमें विश्वास है कि यह टीम एशिया चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। खिलाड़ियों का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा (महिला) और सीए कुट्टप्पा (पुरुष) की देखरेख में किया गया। भारतीय टीम ने स्पेन में बॉक्सम एलीट में नौ स्वर्ण पदक जीते थे। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीमः पुरुषः विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक)।

महिलाः मिनाक्षी (48 किग्रा), निकहत ज़रीन (51 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा), अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 से अधिक किग्रा)।

# सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्व्स ने तीसरे नंबर की टीम एस्टन विला को हराया

एजेंसी

वॉल्वरहैम्प्टन। जोआओ गोम्स ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के वर्तमान सत्र का अपना पहला गोल किया जबकि रोड्रिगो गोम्स ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागा जिससे इस प्रतिष्ठित फुटबाल प्रतियोगिता के सबसे निचले पायदान की टीम वॉल्वरहैम्प्टन ने शानदार फॉर्म में चल रहे एस्टन विला को 2-0 से हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया।

लीग में यह उस क्लब की केवल दूसरी जीत है जिसके 29 मैच में केवल 13 अंक हैं जो अपनी करीबी टीम से छह अंकों से पिछड़ रही है। एक ऐसी टीम जिसका निचली श्रेणी के टूर्नामेंट में खिसकना तय है। वॉल्व्स के प्रशंसक अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश थे जिससे एस्टन विला की चैंपियंस लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। यह बर्मिंघम के इस क्लब के कोच के रूप में अपनी 100वीं जीत




दर्ज करने की कोशिश कर रहे कोच उनाई एमरी के लिए भी करारा झटका है। एस्टन विला अभी प्रीमियर लीग की तालिका में 28 मैच में 51 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर यूनाइटेड (48 अंक), चेल्सी (45) और लिवरपूल (45) भी शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। आर्सेनल (61) और मैनचेस्टर सिटी (56) पहले दो स्थान पर हैं।

# यह टीम हैरी ब्रूक के युग की है: जैक्स

एजेंसी

कोलंबो। ऑलराउंडर विल जैक्स का मानना है कि टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का शानदार प्रदर्शन 'हैरी ब्रूक युग' की शुरुआत है, जो शांत और स्पष्ट मानसिकता के साथ खेलती है। टी20 विश्व कप से पहले ब्रुक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसकी शुरुआत एशेज में निराशाजनक प्रदर्शन से हुई और उसके बाद वेलिंगटन में एक नाइटक्लब के बाउंसर के साथ नशे में हुई झड़प के बाद उनके नेतृत्व को लेकर सवाल उठने लगे। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाकर इंग्लैंड को एक मैच शेष रहते सेमीफाइनल में जगह दिला दी। इसके बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को भी हराया। जैक्स से जब पूछा गया कि क्या उन्हें ऐसा लग रहा है कि 'बैज़बॉल' (आक्रामक अंदाज में खेलना) के अच्छे दिन वापस आ गए हैं तो उन्होंने कहा, '''मुझे लगता है कि यह हैरी ब्रूक का युग है। वह हमारे सीमित ओवरों की टीम के कप्तान हैं। मुझे लगता है कि यही वह चीज है जिस पर हम वास्तव में ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने (ब्रुक) हमें एक निश्चित तरीके से खेलना सिखाया है और मुझे लगता है कि उनकी कप्तानी में माहौल शानदार है। चौथी बार प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले जैक्स ने कहा, '' सभी देख सकते हैं कि हम खेल का भरपूर आनंद ले रहे हैं हैं और खेल को सही तरीके से खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि यही कारण है कि हमें सफलता मिली है। हमने सात में से छह मैच जीते हैं और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने कहा, ''हम निश्चित तौर पर अच्छा खेलना चाहते हैं लेकिन हम इससे निराश भी नहीं हैं कि हमने अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेला है क्योंकि हम जीत रहे हैं। यही टी20 क्रिकेट है, यही पेशेवर खेल है। हमारी टीम जानती है कि हमें क्या करना है। जैक्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने महत्वपूर्ण क्षणों में शांत और संयमित रहकर अच्छा प्रदर्शन किया है और परिस्थितियों से अच्छी तरह सामंजस्य बिठाया है। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने जैक्स को 'सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फिनिशर' करार देते हुए कहा, ''विल जैक्स ने साबित कर दिया है कि वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फिनिशर हैं।

# एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,666 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया



एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने विद्युत मंत्रालय को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरे अंतरिम लाभांश के रूप में 2,666.58 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। एनटीपीसी ने बयान में कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने 27 फरवरी को बिजली मंत्री मनोहर लाल को चेक सौंपा। कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 27 फरवरी 2026 को 2,666.58 करोड़ रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया, जो कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का 27.50 प्रतिशत है। यह लगातार 33वां वर्ष है जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया है। एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी है। यह देश की एक-चौथाई बिजली मांग को पूरा करती है। कंपनी वर्तमान में 88 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) से अधिक स्थापित क्षमता का संचालन कर रही है, जबकि 32 गीगावाट क्षमता निर्माणाधीन है।

# आईएमएफए ने ओडिशा में टाटा स्टील के फ़ेरो क्रोम संयंत्र का अधिग्रहण पूरा किया

एजेंसी

दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है। गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी।




इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है। इसके पास लगभग 18,001 किलोमीटर का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क है।

# एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाने का सशक्त माध्यम: विशेषज्ञ

## कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सोनिया नित्यानंद, कुलपति, किंग जॉर्ज ' मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। एआईडीएए लखनऊ सिटी ब्रांच द्वारा एयरवे मैनेजमेंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं सिमुलेशन की भूमिका विषय पर एक महत्वपूर्ण सीएमई (कंटिन्यूग मेडिकल एजुकेशन) एवं हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर क्षेत्र के विशेषज्ञों ने आधुनिक चिकित्सा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सिमुलेशन तकनीक की बढ़ती भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सोनिया नित्यानंद, कुलपति, किंग जॉर्ज ' मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. मोनिका कोहली, विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया, केजीएमयू; डॉ. सोहन सोलंकी



(टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल); डॉ. तन्मय तिवारी तथा डॉ. हेमलता सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने बताया कि एआई आधारित तकनीक एयरवे मैनेजमेंट के दौरान रोगी की सुरक्षा को कई गुना बढ़ा सकती है। यह कठिन एयरवे की पूर्वानुमान (Prediction), रियल-टाइम डेटा विश्लेषण, और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने में सहायक सिद्ध हो रही है। एआई से युक्त मॉनिटरिंग सिस्टम रोगी के शारीरिक मानकों का अधिक सटीक विश्लेषण कर संभावित जटिलताओं की पहले से पहचान कर सकते हैं।कार्यशाला में सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि हाई-फिडेलिटी सिमुलेशन लैब में डॉक्टरों को जटिल परिस्थितियों का अभ्यास कराया जा सकता है, जिससे वास्तविक ऑपरेशन थिएटर में त्रुटियों की संभावना कम होती है। सिमुलेशन तकनीक से टीमवर्क, संचार कौशल और संकट प्रबंधन क्षमता भी बेहतर होती है।डॉ विशाल देव , Indian Council of Medical Research ने एनेस्थीसिया में एआई के जिम्मेदार और वैज्ञानिक उपयोग पर बल देते हुए इसे एक उन्नत सहायक तकनीक बताया, जो उपचार की गुणवत्ता को मानकीकृत (Standardize) करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।डॉ. तनमय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि एआई डॉक्टरों का विकल्प नहीं है, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता और क्लिनिकल निर्णय को सशक्त बनाने का साधन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का उपयोग नियमित प्रशिक्षण, सतत शिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ मिलकर किया जाना चाहिए।

मानव अनुभव और तकनीकी बुद्धिमत्ता का संतुलित समन्वय ही भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।उन्होंने यह भी बताया कि एआई आधारित निर्णय-सहायता प्रणाली और टेली-सपोर्ट तकनीक के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली एनेस्थीसिया एवं एयरवे सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ अपर्णा शुक्ला , डॉ दिनेश कौशल, डॉ मनोज चौरसिया डॉ मनोज गिरी डॉ आशीष कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे

# प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव के साथ सम्मान समारोह




जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिठौली खुर्द के प्राथमिक विद्यायल में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत रहे। गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय कुमार वर्मा (डिम्पल) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।मौक़े पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक की ओर से सभी लोगों को प्रेम भाव के साथ होली मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है।इसे हिल मिल कर मनाए। उन्होंने इस दिन सभी लोगो से नशे से दूर रहते हुए होली का पूर्ण आनंद ले ने की बात कही गई।।इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत ,स्वागतम स्वागतम गाया गया ।इससे पहले बहुत ही मनोरंजक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।संचालन जमील अहमद अमेठवी ने किया। इस मौके परप्राध्यापिका आभा यादव, आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ,देवेंद्र प्रताप सिंह बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# धतिंगरा में रात तीन बजे छापा, 2192 घन मीटर अवैध मिट्टी खनन पकड़ा



जागरण मोर्चा कार्यालय

बख्शी का तालाब, लखनऊ। तहसील क्षेत्र के धतिंगरा गांव में बीती रात प्रशासन ने अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी साहिल कुमार और नायब तहसीलदार आकाश पांडेय के नेतृत्व में टीम ने रात्रि करीब तीन बजे छापेमारी कर गाटा संख्या 218 रकबा 0.1320 और गाटा संख्या 252 रकबा 1.0290 पर व्यापक स्तर पर अवैध खनन पकड़ा। जांच में मौके पर कुल 2192 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन पाया गया।

प्रशासन ने संबंधित जमीन के खातेदारों भारती नागपाल व प्रिया तनरेजा पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई के दौरान खनन में संलिप्त तीन मिट्टी से भरे डंपर और तीन खाली डंपर को सीज कर सैरपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही मौके पर खड़ी एक जेसीबी मशीन भी जब्त कर ली गई।नायब तहसीलदार आकाश पांडेय ने बताया कि जेसीबी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी रात्रि गश्त व औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।रात के सन्नाटे में चल रहे इस अवैध कारोबार पर प्रशासन की अचानक कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई का स्वागत करते हुए अवैध खनन पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है।

# होली पर सम्मान का रंग: रसोइयों को साड़ी मिठाई और गुलाल भेंट कर दी शुभकामनाएं



जागरण मोर्चा कार्यालय

नगराम, लखनऊ। होली के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में सादगी और सम्मान के साथ रसोइयों को साड़ी, मिठाई और गुलाल भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गईं। उपहार पाकर रसोइयों के चेहरों पर होली की मुस्कान खिल उठी।

विद्यालय में आज से होली अवकाश प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा एवं सहायक अध्यापिका वंदना ने विद्यालय की रसोइया जगदेई और बबली तथा विद्यालय में जनसेवा करने वाले रामसागर को साड़ी, मिठाई और गुलाल देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय की रसोइयां अत्यंत मेहनतकश हैं और विद्यालय के हरियाली एवं सुव्यवस्थित वातावरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय परिवार द्वारा प्रत्येक त्यौहार पर उन्हें उपहार देकर सम्मानित करने की परंपरा निभाई जाती है। कार्यक्रम के दौरान आपसी स्नेह, सम्मान और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा सभी ने एक-दूसरे को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दीं।

## शहजादेपुर में भक्ति का सैलाब: कथा पूर्णाहुति पर भव्य मूर्ति स्थापना

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर गांव में शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग सहित शिव परिवार, राधा–कृष्ण एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर हवन–यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा के नेतृत्व में अत्यंत भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हवन–यज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। भंडारे में दूर–दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, अमन सिंह, विपुल सिंह, रवि द्विवेदी, रवि शर्मा एवं हरिओम पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में शोभित और मोनू वर्मा ने विशेष परिश्रम किया। ळहर–हर महादेवङ्क और ळराधे–राधेङ्क के जयघोष से शहजादेपुर गूंजता रहा।

## बलरामपुर अस्पताल को मिले व्हील चेयर और स्ट्रेचर

लखनऊ। मरीजों को चिकित्सीय सहायता पहुंचाने के लिए शनिवार को ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बलरामपुर अस्पताल को व्हील चेयर और स्ट्रेचर दिए गए। इस मौके पर भाजपा युवा नेता नीरज सिंह, डा0 कविता आर्या निदेशक बलरामपुर अस्पताल, सीएमएस डॉ हिमांशु चतुर्वेदी, ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के राजीव मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## नगराम में युवक पर सोते समय हमला, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम अमवा मर्तजापुर में बीती रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मो. तौफीक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे वह घर के बाहर सो रहा था, तभी मो. इरशाद और उसके दो साथियों ने लोहे की रॉड व बांका से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पहले भी उसे धमकी दे चुके हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

नगराम, लखनऊ। नगराम पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव के माइनर नहर के पास मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने कनेरी निवासी कृष्णावती और समित कुमार को दबोच लिया। दोनों के पास से पांच–पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## पुन: ग्रहण की लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता

लखनऊ,। कंचन स्वीट हाउस इंदिरा नगर में लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में सतनाम सिंह, गुंजन तुलानी, नरेंद्र तुलानी एवं नितिन अग्रवाल ने पुन: लखनऊ व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सतनाम सिंह ने कहा कि लखनऊ व्यापार मंडल के प्रति उनका विशेष लगाव और आत्मीय जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल व्यापारियों के अधिकारों की आवाज़ नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह सदस्यों के सुख–दुख में साथ खड़ा रहने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और व्यापारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर उन्होंने पुन: सदस्यता ग्रहण की है। बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ मिश्र, उत्तम कपूर, देवेंद्र गुप्ता, सुहैल हैदर अल्वी, आदर्श सिंह, पवन सिंह, मनीष वर्मा, नरेश अग्रवाल, चिराग जाखोदिया, अभिषेक सिंह चौहान, आयुष बाजपेई सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव शहजादेपुर में शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग सहित, शिव परिवार, राधा-कृष्ण एवं हनुमान की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम मे हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। आयोजित विशाल भंडारे में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रमुख रूप से दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, अमन सिंह, विपुल सिंह, रवि द्विवेदी, रवि शर्मा एवं हरिओम पटेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शोभित और मोनू वर्मा ने विशेष परिश्रम किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हर-हर महादेव और ळराधे-राधे के जयघोष सुनाई देते रहे।

# मोहनलालगंज मे पं. दीनदयाल उपाध्याय भव्य पशु आरोग्य मेला सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। विकास खण्ड मोहनलालगंज के गनियार मजरा भौदरी में शनिवार को मण्डल स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और विधायक अमरेश रावत ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन के पश्चात गौमाता का विधिवत पूजन एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे मेले किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, उन्नत नस्ल, टीकाकरण तथा रोग नियंत्रण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने



का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मेले में पशुपालन एवं अन्य विभागों की ओर से कुल 12 काउंटर लगाए गए, जिनमें से 10 काउंटर पशुओं के उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, दवा वितरण एवं परामर्श के लिए समर्पित रहे। पशुपालकों को अत्याधुनिक उन्नत तकनीकों, संतुलित आहार, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा पशु रोगों की रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजन में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, निगोहा अभय कात दीक्षित,सूर्यकुमार द्विवेदी कनेरी बृजेश वर्मा, विकास पटेल रामकुमार, विपिन रावत सुनील कुमार पटेल समेसी अशोक कुमार पुरहिया, प्रभाकर त्रिवेदी, सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों कृषक एवं पशुपालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अजय कुमार कनौजिया अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, जनपद लखनऊ के पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, वेटनरी फार्मासिस्ट तथा अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मंच संचालन डॉ. नीलम बाला द्वारा किया गया। मेले में उमड़े अपार जनसमूह ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भाजपा विधायक अमरेश रावत सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आयोजन की सफलता और भव्यता पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन नियमित रूप से कराने की मांग की।पशु आरोग्य मेला न केवल पशुपालकों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता और तकनीकी जानकारी के प्रसार का प्रभावी मंच भी बना।

# बिजली विभाग की कथित लापरवाही से संविदा लाइनमैन की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । थाना गुडंबा क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और सहकर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।घटना कल्याणपुर इलाके में जगरानी अस्पताल मुख्य मार्ग (रिंग रोड के पास) की है। मृतक परशुराम (45 वर्ष), पिछले लगभग 20 वर्षों से विद्युत विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे।

बताया गया कि देर रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच वह 33 केवी लाइन की मरम्मत के लिए पोल पर चढ़े थे। परिजनों का आरोप है कि बिना पूरी तरह शटडाउन किए ही उन्हें कार्य पर भेजा गया,



जिससे करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने विद्युत विभाग के टीजी-2 धीरज रावत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इंदिरा नगर सेक्टर-25 पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। मौके पर थाना गाजीपुर पुलिस मौजूद रही। समझाइश के बाद विभाग ने मृतक की पत्नी को पेंशन, 2 लाख की आर्थिक सहायता, ?50 हजार अतिरिक्त सहायता तथा बड़ी बेटी को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

## अतुल्या सिंह और दीपांषु रहे उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर विजेता

लखनऊ । बाबू बनारसी दास एजूकेशनल ग्रुप के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2026 का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कर्ष 2026 की थीम विरासत से विकास तक की श्रृखंला में ग्रुप डांस का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास गुप्ता बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट एवं प्रो चांसलर बीबीडी यूनिवर्सिटी विराज सागर दास, डायरेक्टर एडीजी स्कूल देवांशी दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसीडेंट सोनाक्षी दास रही। उत्कर्ष 2026 के मिस एंड मिस्टर उत्कर्ष के विजेता अतुल्या सिंह और दीपांषु यादव रहे। ओवरआल चैम्पियनशिप ट्राफी बीबीडी यूनिवर्सिटी को प्रदान किया गया।

# वास्तविक इंजीनियर वही है जिसकी शिक्षा समाज व देश के लिए हितकर हो: प्रो. वी. के. सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर रोड स्थित बंसल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय फ़ेस्ट सृजन 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. वी के. सिंह(पूर्व कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान) रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वास्तविक इंजीनियर वही है जिसकी शिक्षा समाज व देश के लिए हितकर हो। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. सुशील कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। दो दिवसीय उत्सव में कॉलेज



के छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें मॉडल प्रजेंटेशन, टेक्निकल क्विज, टेक्निकल राइटिंग, पेपर प्रजेंटेशन जैसे टेक्निकल इवेंट व गायन और नृत्य एवं फैशन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान मानवी तिवारी ने एंकर की भूमिका निभाई।

# नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर से आरएसपी ने शुरू किया रोड शो



काठमांडू। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने प्रतिनिधि सभा चुनाव के मद्देनजर काठमांडू में शनिवार को रोड शो किया, जिसकी शुरूआत पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ की गयी। आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने एक साथ रोड शो में हिस्सा लिया। यह अभियान शनिवार सुबह पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुआ और शाम को बनस्थली चौक स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर समापन होने की योजना है। काठमांडू निर्वाचन क्षेत्र नंबर 9 से पार्टी के उम्मीदवार तथा पार्टी उपाध्यक्ष दीपी अर्याल ने कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर से अभियान की शुरुआत करना सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह स्थल देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। उन्होंने कहा कि 'घंटी घर' तक रैली का समापन पार्टी की पहचान और संगठनात्मक एकता को दर्शाने का प्रयास है। रोड शो के तहत पूरे दिन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख सड़कों और चौराहों पर रैलियों का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क किया और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घंटी' के पक्ष में समर्थन मांगा। राजधानी क्षेत्र में कुल १५ संसदीय क्षेत्र है जिनमें काठमांडू में १०, ललितपुर में ३ और भक्तपुर में २ सीटें हैं। आज हुए रोड शो को आगामी चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने और प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

# नेपाल के पोखरा में सोमवार से चुनावी नतीजे आने तक रात्रिकालीन व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक



काठमांडू। नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के चुनाव में सुरक्षा को देखते हुए मतदान से तीन दिन पहले ही 02 मार्च (सोमवार) से कास्की में रात्रिकालीन व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध चुनावी नतीजे आने तक प्रभावी रहेगा। प्रतिनिधि सभा चुनाव के लिए 05 मार्च को मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू हो जाएगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक चुनावी नतीजे आने में पांच-छह दिन लग सकते हैं। कास्की जिले का मुख्यालय पोखरा शहर है।

जिला प्रशासन कार्यालय कास्की ने चुनाव परिणाम आने तक सार्वजनिक रूप से सूचित किया है कि होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, डांस बार, शराब की दुकानें सहित सभी रात्रिकालीन व्यावसायिक गतिविधियां रात 9 बजे तक ही संचालित हो सकेंगी।

प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में चुनाव अवधि के दौरान सार्वजनिक शांति, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों से सहयोग की अपील की गई है।

अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त नियम के पालन की निगरानी की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति या संस्था निर्देश की अवहेलना करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

होली पर्व के मद्देनजर भी प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ के साथ होली न मनाने की अपील की है। पोखरा शहर चुनाव के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में गिना जाता है। चुनावी आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम उठा रहा है। प्रशासन का यह कदम शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में एक सावधानीपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बीच सार्वजनिक बहस कराने का नेपाली कंग्रेस का प्रस्ताव



काठमांडू नेपाल में आम चुनावों से पहले नेपाली कांग्रेस ने नयी सरकार में पार्टी के प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों के बीच सार्वजनिक बहस आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

पार्टी ने सुझाव दिया है कि नेपाली कांग्रेस में प्रधानमंत्री बनने के दावेदार नेता 2 मार्च को काठमांडू स्थित खुलामंच में होली पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खुली बहस में भाग लें। साथ ही, सभी दल मिलकर होली मनाएं और आगामी पांच वर्ष के संसदीय कार्यकाल की कार्यसूची पर विस्तार से चर्चा करें। यह प्रस्ताव नेपाली कांग्रेस के उपसभापति विश्वप्रकाश शर्मा ने शनिवार को कास्की जिले के पोखरा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रखा।

शर्मा ने कहा, 2 मार्च को होली है। उस दिन आइए, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों के बीच खुलामंच में सार्वजनिक बहस करें। मिलकर होली मनाएं। यह नेपाली कांग्रेस का प्रस्ताव है। क्या अन्य दल इसके लिए तैयार हैं?ङ्क

अपने संबोधन में शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी देश में परिवर्तन लाना चाहती है और चुनाव में प्रतिस्पर्धा कर रहे किसी भी राजनीतिक दल को दुश्मन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव के बाद सरकार और विपक्ष में दलों को साथ काम करना ही होगा, इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने से जुड़े मुद्दे चुनावी बहस के प्रमुख विषय बनने चाहिए। उन्होंने कहा ल्हम देश को बदलना चाहते हैं, इसलिए पहले राजनीति को बदलना होगा। नेपाली कंग्रेस ने राजनीति की शैली और संस्कृति बदलने का संकल्प लिया है। इस चुनावी मैदान में हमारा कोई दुश्मन नहीं है। आज जो दल प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, वे कल सरकार और विपक्ष में मिलकर काम करेंगे। इसलिए पार्टी मंचों से अपमान नहीं, प्रेम और सौहार्द का संदेश फैलाएं। चुनावी मैदान शत्रुता का अखाड़ा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भव्य मंच है।ङ्क शर्मा ने यह भी कहा कि चुनावी मंच का उपयोग हिंसा भड़काने या तनाव उत्पन्न करने के अवसर के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।

# नेपाल चुनाव: कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बीच चीन सीमा पर सुरक्षा में पुलिस गश्त में तेजी



काठमांडू। प्रतिनिधि सभा चुनाव के नजदीक आते ही नेपाल पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी है। चीन से जुड़ी हुई सीमा पर अभी भी तापमान शून्य से नीचे है। कही-कहीं बर्फबारी भी हो रही है।

चीन की सीमा से सटे नाम्खा गाउंपालिका के लिमी लाप्चा क्षेत्र में नेपाल पुलिस ने पैदल गश्त शुरू की है। यह इलाका अत्यंत दुर्गम और संवेदनशील माना जाता है। साथ ही यहां का तापमान इस समय -5 से -9 डिग्री सेल्सियस तक रहता है।

जिला पुलिस कार्यालय हुम्ला के अनुसार, प्रहरी सहायक निरीक्षक मंजुल खडका के नेतृत्व में एक टीम को नाम्खा गाउंपालिका-5 और 6 के क्षेत्रीय स्थिति का आकलन करने के लिए पैदल गश्त पर भेजा गया है। डीएसपी शंकर खडका ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हिल्सा नाका मार्ग से नेपाल पुलिस की टीम लिमी लाप्चा क्षेत्र में पहुंची है। हिल्सा नाका नेपाल-चीन सीमा पर स्थित एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है, जहां से आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियां होती हैं। हुम्ला जिला नेपाल के सबसे दूरस्थ और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण जिलों में से एक है। यहां सड़क सुविधा सीमित है और कई स्थानों तक पहुंचने के लिए पैदल मार्ग ही एकमात्र विकल्प है।

# ओमान के विदेशमंत्री का दावा– अमेरिका और ईरान समझौते के करीब



वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर हमला करने के इरादे के बीच ओमान के विदेशमंत्री बद्र अलबुसैदी ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका और ईरान समझौते के करीब हैं। वार्ताकारों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के समझौता की दिशा में काफी प्रगति की है। अलबुसैदी पिछले महीने अमेरिका और ईरान के बीच हुई तीन दौर की बातचीत में मध्यस्थ के रूप में मौजूद रहे हैं। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान इस बात पर सहमत हो गया है कि उसके पास कभी भी ऐसी परमाणु सामग्री नहीं होगी जिससे बम बन सके। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी सहमति है। अल्बुसैदी के अनुसार, ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम के मौजूदा भंडार को कम करेगा। यही नहीं वह यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी को समझौते की शर्तों के सत्यापन के लिए अपनी न्यूक्लियर साइट्स का निरीक्षण कराने के लिए भी तैयार है। इस सत्यापन में अमेरिका के निरीक्षक भी शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि समझौते के अन्य तकनीकी पहलुओं पर बातचीत सोमवार को वियना में होनी है। अल्बुसैदी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह कुछ दिनों बाद स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से मिल पाएंगे। अल्बुसैदी के दावे के उलट ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि वह बातचीत से खुश नहीं हैं। हालांकि ट्रंप ने इस दौरान साफ किया कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि हमले की इजाजत देनी है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका के वार्ताकार पिछले महीने तीन दौर की बातचीत कर चुके हैं। वार्ता का पहला दौर ओमान, दूसरा और तीसरा दौर स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हो चुका है। इन वार्ताओं के विफल रहने पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो कड़ा रुख अपनाने की बात कह चुके हैं। अल्बुसैदी ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने दोहराया कि दोनों देश समझौते के बहुत करीब हैं। समझौते की शर्तों को लागू करने में तीन महीने लग सकते हैं।







